गुरुवार, 13 नवम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 18 – 28 |
| आर्द्रता | 71% |
| सूर्योदय: 5:47 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अतीतकाल रूपी गाड़ियों से तुम कहीं नहीं जा सकते।



दिल्ली विस्फोट साबित करता है कि शिक्षित लोग भी चरमपंथी हो सकते हैं : हिमंत विश्व शर्मा पृष्ठ 7

# सरकार ने लाल किले के निकट हुए कार विस्फोट को 'आतंकवादी घटना' करार दिया

## छह दिसंबर को थी बड़े हमले की साजिश

**नयी दिल्ली :** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक हुए कार में हुए विस्फोट को बुधवार को एक ''आतंकवादी घटना'' करार दिया, जबकि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि विस्फोटकों से लदी कार चला रहे डॉ. उमर नबी ने छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी के मौके पर यहां हमला करने की योजना बनाई थी। सोमवार शाम को हुए विस्फोट की जांच में शामिल अधिकारियों ने कहा कि उमर और एक अन्य प्रमुख संदिग्ध डॉ. मुजम्मिल गनई ने 2021 में तुर्किये की अपनी यात्रा के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के 'ओवरग्राउंड वर्कर' से मुलाकात की थी। उन्होंने यह भी कहा कि मुजम्मिल के मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी में लाल किला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी। मंत्रिमंडल में पारित प्रस्ताव में कहा गया, ''मंत्रिमंडल निर्देश देता है कि घटना की जांच अत्यंत तत्परता और पेशेवर तरीके से की जाए ताकि अपराधियों, उनके सहयोगियों और उनके प्रायोजकों की पहचान की जा सके और उन्हें बिना किसी देरी के न्याय के शिकंजे में लाया जा सके। स्थिति पर सरकार के उच्चतम स्तर पर कड़ी नजर रखी जा रही है।'' मंत्रिमंडल ने आतंकवाद की इस घटना में मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। उसने आतंकवाद की घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया और कहा कि स्थिति पर सरकार के उच्चतम स्तर पर ''कड़ी नजर'' रखी जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीड़ितों से मुलाकात की



#### दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री लगभग 25 मिनट तक अस्पताल में रहे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली में बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा!'' अस्पताल में तथा इसके आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गये। उन्होंने बताया कि मोदी ने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बताया कि अस्पताल के अधिकारियों और चिकित्सकों ने उन्हें घायलों के बारे में जानकारी दी।

# जापान के योकोहामा विश्वविद्यालय ने ममता को डिलीट की उपाधि से किया सम्मानित

- ममता ने जताया आभार, कहा- अगले साल में जापान जरूर जाऊंगी
- कोलकाता में एक विशेष कार्यक्रम में जापानी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपा उपाधि



**कोलकाता :** जापान के प्रतिष्ठित योकोहामा विश्वविद्यालय ने बुधवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को डाक्टर आफ लेटर्स यानी डिलीट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। कोलकाता के धनधान्य आडिटोरियम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल योकोहामा विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट यासुतोमो नासु ने मुख्यमंत्री को यह उपाधि प्रदान किया। ममता को यह उपाधि जनसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, सामाजिक उत्थान और मानवता के कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर यासुतोमो नासु ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को डिलीट की उपाधि प्रदान कर हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी यूनिवर्सिटी ने पहली बार किसी महिला को यह उपाधि प्रदान की है। वहीं, उपाधि ग्रहण करने के बाद ममता ने भावुक होकर कहा कि योकोहामा विश्वविद्यालय द्वारा मुझे जो उपाधि दी गई है, उसके लिए मैं अभिभूत हूं।

जापान मानव प्रेम के लिए जाना जाता है। बंगाल की मां, माटी व मानुष व राज्य सरकार की तरफ से मैं जापान और वहां के लोगों का दिल से धन्यवाद देती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योकोहामा विश्वविद्यालय और कोलकाता स्थित सिस्टर निवेदिता विश्वालिय के बीच हुई नई संधि भारत और जापान के शैक्षणिक रिश्तों को और मजबूत करेगी। ममता ने कहा कि हाल में जब मुझे बताया गया कि जापान के योकोहामा विवि की ओर से मुझे इतनी बड़ी उपाधि मिलने वाली है, तो मैं आप सबका प्यार देखकर इसे मना नहीं कर सकी।

# पश्चिम बंगाल में 46 लाख 'मृत मतदाता, चुनाव आयोग का बड़ा खुलासा!

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने बड़ा खुलासा किया है कि राज्य में लगभग 46 लाख 'मृत मतदाताओं' के नाम अब भी मौजूद हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज़ कुमार अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) की ओर से 2022 के विरासती डेटा के आधार पर यह जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची से एक भी फर्जी या मृत मतदाता का नाम न रहे। इससे पहले ही विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी पत्रकारों से कहा था कि राज्य में लाखों मृत मतदाताओं के नाम अब तक सूची में बने हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं के पंजीकरण के नियम, 1960 के तहत भारत निर्वाचन आयोग ने यूआईडीएआई, बैंकों और अन्य संस्थाओं को यह निर्देश दिया था कि वे जीवित और मृत व्यक्तियों के आंकड़े आयोग के साथ साझा करें। उसी आदेश के तहत यूआईडीएआई ने बताया है कि आधार डाटाबेस से 34 लाख मृत मतदाताओं के नाम पहले ही हटाए जा चुके हैं, जबकि शेष मृत मतदाताओं का डेटा अन्य स्रोतों से मिला है। आयोग के अनुसार, बुधवार शाम 4 बजे तक राज्यभर में 6 करोड़ 87 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जो कुल का 89.67 प्रतिशत है। आयोग ने बुधवार तक 100 प्रतिशत वितरण का लक्ष्य रखा था, लेकिन यह पूरा नहीं हो पाया। इसी कारण आयोग ने बुधवार रात 10 बजे सभी ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि जिन जिलों में अभी तक फॉर्म वितरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है, उन पर चर्चा की जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य के 40 विधानसभा क्षेत्रों में अभी भी 75 प्रतिशत से कम एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित हुए हैं। आयोग का कहना है कि वह मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक और अद्यतन बनाने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है।

### कार में आतंकी उमर की मौजूदगी की डीएनए से पुष्टि

विस्फोट की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने बुधवार देर रात पुष्टि की कि विस्फोटक से लदी ह्युंडई आई20 कार में मौजूद शख्स कोई और नहीं, बल्कि आतंकी डॉक्टर उमर नबी (उमर मोहम्मद) ही था. कार के मलबे से मिले जले हुए शव का डीएनए टेस्ट उमर के परिवार के सदस्यों के सैंपल से 100% मैच कर गया है. इससे स्पष्ट हो गया है कि आतंकी उमर ने ही दिल्ली कार ब्लास्ट को अंजाम दिया ।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी से जुड़े 500 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी और घाटी में जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) समेत प्रतिबंधित संगठनों से संबद्ध लोगों से जुड़े लगभग 500 ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर ये छापेमारी की गई, जिनसे संकेत मिलता है कि जेईआई से जुड़े तत्व विभिन्न मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी के 10 जिलों श्रीनगर, गांदरबल, बडगाम, बारामूला, बांदीपोरा, कुपवाड़ा, अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां में कई स्थानों पर छापेमारी की गई। जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों और परिसरों पर तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई जमीनी स्तर पर आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र और उसके ढांचे को ध्वस्त करने के सतत प्रयासों के तहत की गई। बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियान का विवरण देते हुए अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में पुलिस ने शहरभर में 150 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जारी जांच के सिलसिले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े आतंकवादी सहयोगियों और 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू) के आवासों पर तलाशी ली गई। कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं और उन्हें गुप्त गतिविधियां चलाने में मदद करते हैं। बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियान का विवरण देते हुए अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू), पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 'जम्मू-कश्मीर नेशनल्स ऑपरेटिंग' (जेकेएनओपी), सक्रिय/मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों पर 400 से अधिक ''घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान'' (सीएएसओ) चलाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए तथा कई जेईआई सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को सहायता देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### डॉ. मुजम्मिल ने लालकिला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी, मुख्य आरोपी तुर्किये भी गया था



**नयी दिल्ली :** हाल ही में सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी में लाल किला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हें संदेह है कि ये रेकी 26 जनवरी को ऐतिहासिक स्मारक को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं, जो उस समय क्षेत्र में गहन गश्त के कारण विफल हो गई होगी। सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान खुलासा हुआ कि दो प्रमुख संदिग्ध,धमाके वाली आई20 हुंदै कार चला रहे डॉ. उमर और मुज़म्मिल तुर्किये गए थे। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को उनके पासपोर्ट में तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले हैं और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या दोनों अपनी यात्रा के दौरान किसी विदेशी आका से भी मिले थे।

### आरोपियों से जुड़ी लाल कार फरीदाबाद में जब्त, मिला विस्फोटक



फरीदाबाद के खंदावली गांव में जब खेतों में खड़ी एक लाल रंग की कार (ईकोस्पोर्ट) में विस्फोटक मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। यह वही लाल रंग की ईकोस्पोर्ट कार है जिसे दिल्ली धमाके में आतंकियों ने इस्तेमाल किया है। कार में विस्फोटक मिलने की सूचना पर आनन-फानन एनएसए, फोरेंसिक टीम और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। कार के आसपास बने लगभग 10 घरों को खाली करा लिया और इलाके को सील कर दिया। मौके पर 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती की गई है, जो किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मुस्तैद हैं।खंदावली गांव से लगभग 200 मीटर दूर खेतों में फहीम नाम के व्यक्ति के घर के पास एक लाल रंग की कार खड़ी थी। कार में विस्फोटक है, ऐसे में जांच एजेंसी और पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, कार के आसपास के लगभग 10 घरों को तत्काल खाली कराया गया ताकि किसी भी जानमाल के नुकसान से बचा जा सके।

### जीएसटी में कटौती से खुदरा महंगाई अक्टूबर में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई। सब्जी, फल, अंडा जैसे खाने के सामान के सस्ता होने के साथ आम लोगों के उपयोग वाली लगभग 380 वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती से महंगाई दर में नरमी आई है। अक्टूबर माह की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति वर्तमान श्रृंखला (आधार वर्ष 2012) में सबसे कम है। इसमें जनवरी, 2014 से आंकड़े शामिल हैं। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और बीते साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 5.02 प्रतिशत रही। एनएसओ ने कहा कि अक्टूबर, 2025 के दौरान कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी दर में कटौती, अनुकूल तुलनात्मक आधार प्रभाव एवं तेल व वसा, सब्जियों, फलों, अंडे, जूते, अनाज, परिवहन तथा संचार की महंगाई दर में नरमी के कारण आई है।

### एसआईआर के दूसरे चरण में 37 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि उसके द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मतदाताओं को 37 करोड़ से ज़्यादा (72.66 प्रतिशत) गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। एसआईआर के दूसरे चरण के तहत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची को दुरुस्त करने के इस महत्वाकांक्षी अभियान में लगभग 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। आयोग ने बुधवार को जारी एक बुलेटिन में कहा कि पश्चिम बंगाल में 7.66 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए अब तक 6.80 करोड़ या 88.8 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। देश के कुल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का एसआईआर अगले साल नवंबर से फरवरी के बीच किया जा रहा है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में एसआईआर की कवायद जारी है। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे। असम में मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की जाएगी। इस प्रदेश में भी अगले साल विधानसभा चुनाव है। एसआईआर प्रक्रिया का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना के साथ शुरू हुआ और चार दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। आयोग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, तमिलनाडु में 6.41 करोड़ मतदाताओं में से पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं।

### एलएसी के करीब न्योमा वायु सैनिक अड्डा चालू

**नयी दिल्ली :** रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण लद्दाख स्थित मुथ-न्योमा एयरबेस का संचालन बुधवार को शुरू हो गया। इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने सी-130जे परिवहन विमान से वहां उतरकर एयरबेस का औपचारिक उद्घाटन किया। यह वायु सैनिक अड्डा लगभग 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर है। अधिकारियों ने बताया कि वायु सैनिक अड्डे के चालू होने से संवेदनशील क्षेत्र में भारतीय सेना की युद्ध तत्परता बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि एयर चीफ मार्शल सिंह के साथ पश्चिमी वायु कमान प्रमुख एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा भी वायु सैनिक अड्डे पर मौजूद थे। वायु सैनिक अड्डे को चालू करने के लिए 218 करोड़ रुपये की परियोजना का क्रियान्वयन बीआरओ द्वारा किया गया था। इस परियोजना की आधारशिला रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सितंबर 2023 में रखी गई थी।


## अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, **डॉ. संतोष कुमार,** बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



**Dr. Santosh Kumar**
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




**ADVANTAGES**

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

**Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089

More information call us 9831911584/9831266632

Visit our website www.mykneemylife.org

## बेमौत न मरें यात्री

विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। तंत्र की चतुराई ये होती है कि मुआवजे और दुर्घटना की फौरी जांच की घोषणा तो कर दी जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना के मूल कारणों की तह तक नहीं पहुंचा जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। आए दिन खबर आती है कि तेज गति से आता कोई वाहन सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया और अनेक निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इस संकट की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से दो सप्ताह में दुर्घटना के कारणों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस भीषण दुर्घटना के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए ये निर्देश दिए हैं। दरअसल, इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हादसे की वजह सड़क के किनारे गलत ढंग से खड़ा ट्रक बना। जिससे यात्रियों से भरा तेज गति से आता एक टेम्पो ट्रेवलर टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि इसमें चार बच्चों तथा दस महिलाओं समेत पंद्रह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए। आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ।

लेकिन वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती हैं, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। लेकिन हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं। लेकिन अकसर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी ही दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। यह विडंबना ही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं, लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगायी जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना ही नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है। निश्चित रूप से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसे दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये उच्च सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन भी उतना जरूरी है। इसके अलावा सख्त कानून व निगरानी के जरिये ट्रकों को सड़क के किनारे खड़े करने पर रोक लगायी जाए। देश में सैकड़ों लोगों की मौत सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से वाहनों के टकराने से होती है, लेकिन दोषी ट्रक चालक को कड़ी सजा नहीं मिलती। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी गति सीमा में रहने तथा अन्य सावधानियों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सरकारों का दायित्व भी बनता है कि राजमार्गों पर रफ्तार की सीमा के नियमन के साथ बाधामुक्त सफर भी सुनिश्चित करें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 नवम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष नवमी, 23:37 तक, नक्षत्र : मघा, 19:38 तक, योग : ब्रह्मा, 06:49 तक, सूर्योदय: 05:47, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 24:38, चन्द्रास्त: 12:49, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 12:42 से 14:05

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में बॉस सरप्राइज दे सकते हैं। आप अपनी वाणी से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है, इसलिए आपको अत्यधिक तले-भुने भोजन से भी परहेज रखना होगा। आप घर के कामों में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आप अपने बिजनेस में कुछ तकनीकी उपकरणों को शामिल कर सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके मन में खुशियां रहेगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे,जो आपको खुशी देंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ी टेंशन हो सकती है।

**कन्या :** आज आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको जीवनसाथी से कोई बात गुप्त नहीं रखनी है, नहीं तो बेवजह का लड़ाई-झगड़ा बढ़ सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद भी खड़ा हो, तो आप उसमें अपनी राय लोगों के सामने अवश्य रखें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप परोपकार के कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चले।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होंगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचाना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा और आप किसी वाद-विवाद से दूर रहे तो बेहतर रहेगा। दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

# बिहार चुनाव: मतगणना से पहले ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में रखा गया

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। मतगणना शुक्रवार को राज्य के सभी 38 जिलों में स्थापित 46 केंद्रों पर की जाएगी। मतदान में प्रयुक्त ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को दो-स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया, ''स्ट्रॉन्ग रूम परिसर की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा सेन्ट्रल आर्म्ड पैरामिलिट्री फोर्सेज



(सीएपीएफ) को सौंपा गया है, जबकि बाहरी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला पुलिस को दी गई है। इसके अलावा चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी और अन्य सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं।'' प्रत्येक स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां वरिष्ठ अधिकारी लगातार ड्यूटी पर रहेंगे। एक बयान में कहा गया कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों को प्रतिदिन स्ट्रॉन्ग रूमों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। बयान में कहा गया कि मॉक पोल के दौरान या मतदान के समय दोषपूर्ण पाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के साथ-साथ अप्रयुक्त मशीनों को अलग से सुरक्षित रखा गया है। बिहार विधानसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान छह और 11 नवंबर को हुआ था।




जयपुर: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते हुए।

### बिहार: महिला और उसके दो बच्चों की कीटनाशक खाने से मौत, एक बच्चे की हालत नाजुक

**बक्सर :** बिहार के बक्सर जिले में मंगलवार को एक महिला और उसके दो बच्चों की कथित रूप से कीटनाशक खाने से मौत हो गई जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नया भोजपुर थानाक्षेत्र के पूरब टोला मोहल्ले में रहने वाली 30 वर्षीय सबीता देवी ने अपने पति से झगड़े के बाद अपने तीन बच्चों के साथ मिलकर कथित तौर पर कीटनाशक खा लिया। पुलिस के मुताबिक, सबीता के बच्चों में सात वर्षीय ज्योति, पांच वर्षीय आकाश और एक वर्षीय विकास शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सबीता, ज्योति और आकाश की मौत हो गई जबकि विकास की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में जमीन विवाद में बेटे ने पिता पर कुदाल से हमला किया, मौत

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गांव बकवार में बुधवार को जमीन के विवाद में एक युवक ने अपने पिता की कथित तौर पर कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राज सोनकर ने बताया कि लालधारी यादव (70) का अपने पुत्र अमरनाथ से जमीन के मामले में विवाद हो गया। इससे नाराज अमरनाथ ने पिता पर कुदाल से हमला कर दिया, जिसमें लालधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लालधारी को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोनकर ने बताया कि पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

### उत्तर प्रदेश में 41,583 किसानों से 2.43 लाख टन से अधिक धान की खरीद


**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार तक पूरे प्रदेश में 4,110 क्रय केंद्रों के जरिये 41,583 किसानों से 2.43 लाख टन धान खरीद की है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पहली सितंबर से अब तक 3,58,372 किसानों ने पंजीकरण कराया है। खाद्य एवं रसद विभाग के मुताबिक, 2,369 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान (कॉमन) और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल की दर से (ग्रेड-ए) धान की ख़रीद की जा रही है। बुधवार तक 41,583 किसानों से 2.43 लाख टन धान खरीद की जा चुकी है। वहीं 3,58,372 किसानों ने अब तक धान बिक्री के लिए पंजीकरण भी करा लिया है।

## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच से 11 दिसंबर तक

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच से 11 दिसंबर तक होगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि सत्र के दौरान पांच कार्यदिवस होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में मंत्रिमंडल ने 'क्लेरियस मांगुर' को राजकीय मछली घोषित करने सहित 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा, ''इसे राजकीय मछली घोषित करने के बाद इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।'' दादेल ने बताया कि सरकार ने प्रत्येक जिले में एक 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता विद्यालय' में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) प्रयोगशालाएं स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। इनमें से प्रत्येक प्रयोगशाला पर 20 लाख रुपये की लागत आएगी। कैबिनेट ने देवघर स्थित 'होटल बैद्यनाथ बिहार' के निर्माण, संचालन, रखरखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसे सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल पर चार सितारा होटल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 113.97 करोड़ रुपये है। तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के लिए आदर्श नियमों की अधिसूचना को भी मंजूरी दी गई।

## 'एक्सिस माय इंडिया' और 'टुडेज चाणक्य' ने राजग की जीत का अनुमान जताया

**नयी दिल्ली :** प्रमुख चुनाव सर्वेक्षण एजेंसी 'एक्सिस माय इंडिया' ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी अपने 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बढ़त मिलने की संभावना जताई है। हालांकि, उसका यह भी कहना है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक बार फिर सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकता है। एक अन्य प्रमुख एजेंसी 'टुडेज चाणक्य' ने राजग को प्रचंड बहुमत का अनुमान जताया है। 'एक्सिस माय इंडिया' का अनुमान है कि राजग को 243 सदस्यीय विधानसभा में 43 प्रतिशत वोट के साथ 121 से 141 सीट मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 41 प्रतिशत वोट के साथ 98 से 118 सीट हासिल हो सकती हैं। 'टुडेज चाणक्य' ने अपने एग्जिट पोल में कहा है कि राजग को 160 और महागठबंधन को 77 सीट मिल सकती हैं। इन दोनों चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने बिहार में दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के एक दिन बाद अपना एग्जिट पोल जारी किया। राजग में जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। वहीं, महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, वाम दल, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) शामिल हैं। 'एक्सिस माय इंडिया' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग में भाजपा को 50 से 56 सीट और जद(यू) को 65 से 62 सीट मिलने का अनुमान है। साथ ही, लोजपा (रामविलास) को 11 से 16, 'हम' को दो से तीन तथा रालोमो को दो से चार सीट मिल सकती हैं।




## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के तुलना करीब 8.8 प्रतिशत अधिक

**पटना :** बिहार में संपन्न विधानसभा चुनाव में कुल 66.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इनमें से महिलाओं ने पुरूषों की तुलना में अधिक मतदान किया। विधानसभा का चुनाव दो चरणों में मंगलवार को संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग ने इसकी जानकारी दी। आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 243 सीटों पर 66.91 फीसदी मतदान हुआ जिसमें 62.8 प्रतिशत पुरुषों ने जबकि 71.6 फीसदी महिलाओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया । आंकड़ों में कहा गया है कि प्रदेश में मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही और पुरुषों की अपेक्षा करीब 8.8 प्रतिशत अधिक महिलाओं ने इन चुनाव में मतदान किया। आयोग से प्राप्त अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में कुल 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 69.04 और पुरुषों का प्रतिशत



61.56 रहा। इसमें कहा गया है कि दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़कर 68.76 हो गया, जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 74.03 और पुरुषों का प्रतिशत 64.1 रहा। दोनों चरणों के कुल आंकड़े देखें तो महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत 71.6 रहा, जबकि पुरूषों का प्रतिशत 62.8 रहा। राज्य के कुल 7,45,26,858 मतदाताओं में से 3,51,45,791 महिला और 3,93,79,366 पुरुष मतदाता थे।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस की मुंबई-वाराणसी उड़ान में बम की सूचना, सुरक्षित उतारा गया

**वाराणसी/ मुंबई :** मुंबई से 170 से अधिक यात्रियों को वाराणसी लेकर जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में बुधवार को बम होने की सूचना मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए। विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, सभी अनिवार्य सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन की अनुमति दे दी जाएगी। एयरलाइन ने विमान में सवार यात्रियों की संख्या और विमान के विवरण का खुलासा नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि विमान में 170 से ज़्यादा यात्री सवार थे। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान मुंबई से शाम करीब चार बजे वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरी।

## बिहार मतगणना से पहले नीतीश कुमार ने दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटना में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए। उन्होंने दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका तथा राज्य में शांति एवं सद्भाव की कामना की। सुबह मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास से निकले और सबसे पहले पटना उच्च न्यायालय परिसर में स्थित मजार पर पहुंचे। वहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से चादरपोशी की और राज्य में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद वह पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद पटना सिटी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे का भी दौरा किया और मत्था टेका। इस मौके पर उनके साथ मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी और जनता दल (यू) के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राजनीतिक विश्लेषक सुभाष पांडे ने नीतीश कुमार के इस धार्मिक दौरे को चुनाव परिणाम से पहले संतुलन की राजनीति का प्रतीक बताया है। उनका मानना है कि नीतीश कुमार इस तरह धर्म, संस्कृति और सादगी का समन्वित संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं।



## बिहार में बदलाव के लिए पड़ा वोट, महागठबंधन बनाएगा सरकार, 18 नवंबर को लेंगे शपथ : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में हुई रिकॉर्ड तोड़ मतदान से स्पष्ट है कि राज्य की जनता ने इस बार बदलाव के लिए वोट किया है। तेजस्वी ने इसके साथ ही कहा कि महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है और 18 नवंबर को नई सरकार शपथ लेगी। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, इस बार 2020 की तुलना में बिहार में 72 लाख अधिक मत पड़े हैं और यह वोट 'परिवर्तन के पक्ष' में पड़े हैं।'' तेजस्वी ने कहा, ''प्रदेश में 72 लाख लोगों ने नीतीश कुमार को बचाने के लिए नहीं बल्कि बिहार में बदलाव लाने और सरकार बदलने के लिए मतदान किया है। लोगों ने महागठबंधन के पक्ष में मतदान किया है और हम 18 नवंबर को शपथ लेंगे।'' एग्जिट पोल के बारे में तेजस्वी ने कहा, ये सर्वे तो बंगाल (में तृणमूल कांग्रेस को) हरा रहा था। 2024 में कुछ मीडिया राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)को लोकसभा में 400 सीटों के पार करा रहे थे - नतीजा आपने देखा।'' उन्होंने आरोप लगाया कि एग्जिट पोल के चक्कर में लोगों ने यहां तक कि बड़े अभिनेता धर्मेंद्र को भी मार दिया और ऐसी पत्रकारिता पहले कभी नहीं देखी। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा और उसके नेताओं ने नागरिकता व संवैधानिक मुद्दों पर दोहरे मापदंड अपनाए हैं और चेतावनी दी कि बिहार की जनता लोकतंत्र की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, बिहार लोकतंत्र की जननी है और लोकतंत्र को हम यहां से मिटने नहीं देंगे।



## वर्ग पहेली नं. 3262

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | 26 | | 27 | ■ |
| | ■ | 28 | | ■ | 29 | | ■ | 30 | |

*बायें से दायें:-* 1) प्रेमी, 3) एक पालतू नर पक्षी, 6) रवादार, 8) अनाथ, 9) अस्वीकृति, 10) मेघ, 12) दायाँ, 13) शस्त्र, 15) मारुति की माता, 17) महसूल; राजस्व, 18) सीधा; आसान, 19) आसमान, 21) भगवान विष्णु, 22) एक मीठा पकवान, 24) प्रहार, 25) संदेह-रहित; असली, 26) तृतीय, 28) छोटा चाकू, 29) फ़ायदा, 30) आदेश.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बाँह, 2) गुणग्राहकता, 3) अभिलाषा, 4) एक पशु, 5) अशक्त, 7) पिचकाना, 11) हिलोर, 14) आवेदनपत्र, 16) सिख धर्म का ओहदा; दल का नेता 17) झगड़ा, 18) ऊपरी (दृष्टि), 19) निवास; घर, 20) चाँद, 21) साक्षी, 23) चुटकुला, 27) एक ग्रह. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | र | द | ■ | ■ | स | ह | सा | ■ | ब |
| ■ | ■ | हे | र | फे | र | ■ | फ़ | त | ह |
| म | ग़ | ज़ | ■ | फ़ | स | ल | ■ | मा | ला |
| ज़ा | ■ | ■ | स | ड़ा | ■ | ट | टो | ल | ना |
| क | म | सि | न | ■ | ठी | क | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ढ़ | ■ | स | र्दी | ■ | ना | मा | लू | म |
| ■ | ना | दा | नी | ■ | डा | ■ | ला | ■ | स |
| शा | ■ | स्ता | ■ | म | ह | क | मा | ■ | ख़ा |
| प | व | न | सु | त | ■ | ■ | ल | ब | रा |

## सुडोकू-पहेली-3219

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | 9 | | | 4 | | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | 7 |
| 9 | | | | | 8 | 2 | | |
| | | | 5 | | | 7 | | 3 |
| | | 8 | 3 | | | | 5 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3218 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 3 |




भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के लिए टिकट खरीदने के लिए कतार में खड़े क्रिकेट प्रेमी।

# पहले टेस्ट मैच के दौरान ईडन गार्डेन्स के आसपास ट्रैफिक पर कड़ी निगरानी, कई रास्ते रहेंगे बंद

**कोलकाता :** शुक्रवार से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। करीब छह साल बाद ईडन गार्डेन्स को टेस्ट मैच की मेजबानी मिली है। मैच से पहले दिल्ली विस्फोट की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दोनों टीमों के होटल से स्टेडियम तक के आवागमन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के विशेष इंतज़ाम किए हैं।

कोलकाता पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि 14 से 18 नवंबर तक मैच चलेगा और इन पांच दिनों के दौरान सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक ईडन गार्डेन्स व आसपास के मैदान क्षेत्र में मालवाहक (गुड्स) वाहनों का प्रवेश निषिद्ध रहेगा।

हालांकि, पोस्ट ऑफिस मार्केट से सेंट जॉर्जेस गेट रोड, स्ट्रैंड रोड होते हुए विद्यासागर सेतु के जरिए हावड़ा जाने का मार्ग मालवाहक वाहनों के लिए खुला रहेगा।

विक्टोरिया मेमोरियल के आस-पास किसी भी प्रकार के मालवाहक वाहन के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

क्षुदिराम बोस रोड, नॉर्थ ब्रुक एवेन्यू और गोष्ठ पाल सरणी पर भी 14 से 18 नवंबर तक सुबह 7 से शाम 7 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

जो वाहन हाईकोर्ट की ओर जाएंगे, उन्हें एस्प्लानेड रो वेस्ट मार्ग से होकर जाना होगा।

इन पांच दिनों में सड़कों के दोनों ओर किसी भी वाहन की पार्किंग पूरी तरह वर्जित रहेगी।

गोष्ठ पाल सरणी, क्षुदिराम बोस रोड, गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट, रानी रासमणि एवेन्यू, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट, इंदिरा गांधी सरणी, गुरु नानक सरणी और डफरिन रोड पर पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

दक्षिण कोलकाता से बिबादी बाग आने वाली बसें और मिनी बसें रानी रासमणि एवेन्यू मार्ग से होकर गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट, बिबादी बाग और जवाहरलाल नेहरू रोड की ओर जाएंगी।

वहीं, उत्तर कोलकाता से आने वाली बसें और मिनी बसें सेंट्रल एवेन्यू से होकर गणेशचंद्र एवेन्यू, मैंगो लेन, बिबादी बाग, एस.एन. बनर्जी रोड होते हुए रानी रासमणि एवेन्यू की ओर जाएंगी।

दक्षिण कोलकाता से आने वाले छोटे वाहन और दोपहिया वाहन चालक ए.जे.सी. बोस रोड, सेंट जॉर्जेस गेट रोड और स्ट्रैंड रोड से होकर जा सकेंगे।

उत्तर और पूर्व कोलकाता से आने वाले वाहनों के लिए बी.बी. गांगुली स्ट्रीट, एस.एन. बनर्जी रोड और रानी रासमणि एवेन्यू खुले रहेंगे।

कोलकाता से हावड़ा जाने वाली बसें डायमंड हार्बर रोड, खिदिरपुर ब्रिज, सेंट जॉर्जेस गेट रोड, स्ट्रैंड रोड, अलीपुर रोड, बेलवेडियर रोड और जीराट ब्रिज मार्ग से डायवर्ट की जाएंगी।

पार्किंग पर सख्त प्रतिबंध:

ईडन गार्डेन्स के आसपास किसी भी टैक्सी, प्राइवेट बस या अन्य वाहन की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी।

ऑकलैंड रोड पर खड़ी बसों को किरण शंकर राय रोड, एस्प्लानेड रोड ईस्ट और सेंट्रल बस टर्मिनस पर स्थानांतरित किया जाएगा।

कोलकाता पुलिस ने कहा है कि ट्रैफिक और सुरक्षा की स्थिति के आधार पर समय-समय पर इन दिशानिर्देशों में बदलाव भी संभव है।

## पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**कोलकाता :** पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपना एनएफओ पीजीआईएम इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड योजना है। पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अभिषेक तिवारी ने कहा कि, पीजीआईएम इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को बाजार की अनिश्चितता से निकलने में मदद करने और साथ ही सभी एसेट क्लास में अवसरों को पकड़ने के लिए बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि, एक मशहूर कहावत है - 'डाइवर्सिफिकेशन यानी अलग-अलग जगह निवेश करना ही निवेश में फ्री लंच है।' यह बात मल्टी एसेट अलोकेशन फंड पर बिल्कुल लागू होती है क्योंकि इससे निवेशक बिना रिटर्न कम किए अपने जोखिम को कम कर सकते हैं।

## 1991 की कांग्रेस उम्मीदवार का नाम 2002 वोटर लिस्ट से गायब

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में एसआईआर को लेकर भ्रम और असमंजस बढ़ता जा रहा है। कई पुराने मतदाता, जिन्होंने दशकों से मतदान किया, अब 2002 की मतदाता सूची में अपना नाम न देखकर हैरान हैं। गोगाट के रघुबाती पंचायत के हरिश्चंद्रपुर निवासी किसान असीम पोरैल और उनके परिवार का नाम सूची से गायब है। खेतों में धान कटाई के बीच उन्हें कागजात लेकर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया - हमने कोई गलती नहीं की, फिर इतनी परेशानी क्यों? इसी तरह गो-गाट के कमारपुकुर की शोभा धाड़ा, जो 1991 में कांग्रेस की विधानसभा प्रत्याशी रह चुकी हैं, उनका और उनके सेवानिवृत्त शिक्षक पति सुधीरचंद्र धाड़ा का नाम भी सूची में नहीं है। इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। गो-गाट-1 पंचायत समिति के अध्यक्ष विजय राय ने कहा कि आयोग काम करता है, लेकिन करवाता बीडीओ है, और बीडीओ किसके अधीन है? वहीं तृणमूल के आरामबाग जिला अध्यक्ष सुषांत बेरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आयोग और भाजपा सरकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। 2002 की सूची गलतियों से भरी है।



## बंगाल के दो संस्थानों को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिलने को ममता ने बताया गौरव का क्षण

**❑ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्टवाटर रिसाइक्लिंग, स्मार्ट मीटरिंग और झीलों का पुनरुद्धार जैसे कार्यों के लिए मिला है सम्मान**

**कोलकाता :** जल शक्ति मंत्रालय ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2024 के विजेताओं की घोषणा की है। इस बार बंगाल के दो संस्थानों को सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे गौरव का क्षण बताया। जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जा रहा है। बंगाल के दो संस्थान भी सम्मानित हुए हैं। नवदिगंत औद्योगिक टाउनशिप प्राधिकरण (एनडीआईटीए-सेक्टर पांच) ने सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी में तीसरा स्थान (संयुक्त विजेता) हासिल किया, जबकि आर्मी पब्लिक स्कूल, कोलकाता ने सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कालेज श्रेणी में प्रथम स्थान (संयुक्त विजेता) जीता।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर इस उपलब्धि को गौरव का क्षण बताया। उन्होंने लिखा कि बंगाल और उसके शहरी प्रबंधन के लिए गौरव का क्षण है। हमारे नवदिगंत औद्योगिक टाउनशिप प्राधिकरण (एनडीआईटीए-सेक्टर पांच), बंगाल ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन के लिए प्रदान किए गए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2024 में सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह सम्मान सतत जल प्रबंधन और शहरी लचीलेपन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसे संभव बनाने वाले सभी लोगों और सभी हितधारकों को हार्दिक बधाई।

कोलकाता के सेक्टर पांच में स्थित नवदिगंत औद्योगिक टाउनशिप (एनडीआइटीए) ने जल संरक्षण में अभूतपूर्व काम किया है। यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्टवाटर रिसाइक्लिंग, स्मार्ट मीटरिंग और झीलों का पुनरुद्धार जैसे कदम उठाए गए। टाउनशिप में 95 प्रतिशत से अधिक अपशिष्ट जल का रिसाइक्लिंग होता है, जिसे उद्योगों और हरित क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, आर्मी पब्लिक स्कूल, कोलकाता ने स्कूल परिसर में जल संरक्षण क्लब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट, ड्रिप इरिगेशन गार्डन और जल साक्षरता अभियान चलाए।

## ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस का हमला, कहा-

## 'भाजपा की राजनीतिक संस्कृति में निहित है महिलाविरोधी मानसिकता'

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को भाजपा पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने कहा कि महिलाओं के प्रति घृणा भाजपा की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। यह प्रतिक्रिया केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग राज्यमंत्री तथा दो बार के भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर की कथित टिप्पणी के बाद सामने आई है।

तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार दोपहर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक बयान जारी करते हुए एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें शांतनु ठाकुर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के डर से ममता बनर्जी का चेहरा 'चमगादड़ द्वारा चूसे आम' जैसा हो गया है। हालांकि हिन्दुस्थान समाचार इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है।

अपने बयान में तृणमूल ने कहा, महिलाओं के प्रति घृणा भाजपा में कोई अपवाद नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री से लेकर उनके कार्यकर्ताओं तक-सभी ने सार्वजनिक जीवन में महिलाओं के अपमान को संस्थागत रूप दे दिया है। जब भी वे ममता बनर्जी के साहस, स्पष्टता और विश्वास का मुकाबला नहीं कर पाते, वे अभद्र भाषा पर उतर आते हैं।

पार्टी ने आगे कहा कि शांतनु ठाकुर की यह टिप्पणी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्थापित उसी परंपरा का हिस्सा है, जो उनकी पुरुषसत्तात्मक सोच को उजागर करती है। बयान में कहा गया, यह केवल स्त्री विरोध नहीं, बल्कि नैतिक पतन का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दीदी ओ दीदी' जैसे अपमानजनक संबोधन से लेकर गिरीराज सिंह की 'ठुमका' टिप्पणी, सुकांत मजूमदार के 'धंधा' वाले बयान और अभिजीत गांगोपाध्याय की अशोभनीय टिप्पणियों तक, हर उदाहरण भाजपा की महिला-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

तृणमूल ने कहा कि भाजपा नेताओं की यह सोच इस बात को दर्शाती है कि वे एक महिला मुख्यमंत्री, जो पूरे देश में सम्मानित हैं, से किस तरह का व्यवहार करते हैं। बयान में कहा गया, भाजपा के लिए मजबूत महिलाओं से नफरत एक बीमारी बन चुकी है। वे ममता बनर्जी को राजनीतिक रूप से पराजित नहीं कर सकते, इसलिए व्यक्तिगत हमले करते हैं। लेकिन बंगाल जानता है कि इसका जवाब उन्हें सबसे उचित जगह-मतपेटी में-मिलेगा।

वहीं, राज्य भाजपा नेताओं ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं, जिनमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था।

## पर्यटकों के लिए खुशखबरी: कोलकाता से सीधे भूटान के लिए लग्जरी बस सेवा शुरू

### डुआर्स का सौंदर्य भी बोनस में

**कोलकाता, समाज्ञा :** भूटान की यात्रा अब और भी आसान और आरामदायक हो गई है। पर्यटकों के लिए जयगांव से कोलकाता तक वातानुकूलित, स्लीपर और बायो-टॉयलेट युक्त लग्जरी वोल्वो बस सेवा की शुरुआत की गई है। यह नई सुविधा न केवल भूटान पहुंचने का सीधा रास्ता प्रदान करती है, बल्कि यात्रियों को डुआर्स के मनोरम दृश्यों का अनुभव करने का अवसर भी देती है। जयगांव पहुंचते ही कुछ ही दूरी पर भूटान गेट और उसके पार ड्रैगन देश का फुंटशोलिंग शहर स्थित है। सोमवार से इस रोमांचक मार्ग पर दो बसें परिचालित हो चुकी हैं। पहली बस शाम चार बजे जयगांव से रवाना होकर मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे कोलकाता के धर्मतला पहुंची, जबकि दूसरी बस धर्मतला से चलकर मंगलवार सुबह भूटान सीमा स्थित जयगांव पहुंची। इस मार्ग में जलदापाड़ा, बीरपाड़ा, नागराकाटा, चालसा, लाटागुड़ी और मयनागुड़ी जैसे दर्शनीय स्थल शामिल हैं। यात्रियों को बस से ही हरे-भरे जंगल, चाय बागान और प्राकृतिक सुंदरता के मनमोहक नजारे देखने को मिलेंगे। भाग्य अच्छा हो तो रास्ते में हाथी, बाइसन या गैंडा भी दिख सकते हैं।

पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि यह नई बस सेवा डुआर्स और भूटान के पर्यटन क्षेत्र में एक नया अध्याय खोल सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग में अतिरिक्त स्टॉपेज भी जोड़े जाएंगे। 36 सीटों वाली इस बस का जयगांव से कोलकाता तक किराया 2,000 निर्धारित किया गया है और टिकट केवल ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। अब यात्रियों को न्यू जलपाईगुड़ी या सिलीगुड़ी से अतिरिक्त खर्च में टैक्सी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। बस में भोजन की भी सुविधा प्रदान की गई है। हिमालयन हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म डेवलपमेंट नेटवर्क के अध्यक्ष सम्राट सान्याल ने कहा कि अब भूटान या डुआर्स घूमने की इच्छा रखने वाले यात्रियों को ट्रेन टिकट या टैक्सी किराए की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यह सेवा उनकी यात्रा को न केवल सुविधाजनक बल्कि यादगार भी बना देगी।

## उद्योग (सिनर्जी) सम्मेलन में रोजगार सृजन का संकल्प

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर राज्य सरकार ने विकास, उद्योग और रोजगार सृजन को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया गया। मंगलवार को हुगली जिले के चुचुड़ा स्थित रवींद्र भवन में आयोजित जिला उद्योग (सिनर्जी) सम्मेलन में राज्य सरकार के कई मंत्री शामिल हुए। इस सम्मेलन में हुगली, दक्षिण 24 परगना और कोलकाता इन तीन जिलों को एक साथ जोड़कर उद्योग, व्यवसाय और लघु-मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में राज्य के लघु, मध्यम उद्योग एवं वस्त्र मंत्री चंद्रनाथ सिंह, सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना, परिवहन राज्यमंत्री दिलीप मंडल, विधायक लवली मित्रा, जिला परिषद सभाधिपति रंजन धारा, कर्माध्यक्ष असीम मजूमदार और सुबीर मुखोपाध्याय जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी, चंदननगर पुलिस आयुक्तालय अमित पी जवालगी उपस्थित थे। मंत्री चंद्रनाथ सिंह ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के क्षेत्र में आगे है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में उद्योगों के पुनर्जीवन के प्रयास लगातार जारी हैं। धनियाखली के दशघड़ा में हस्तनिर्मित कागज के कारखाने को फिर से शुरू किया गया है, जहां अब उत्पादन चल रहा है। साथ ही श्रीरामपुर में सिल्क हब बनाने का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और डीपीआर तैयार किया जा रहा है।




उन्होंने बताया कि श्रीरामपुर की सरकारी सूत मिल के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया गया है, जहां अब स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए स्कूल ड्रेस तैयार की जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में भी उद्योग की संभावनाएं बढ़ी हैं।

चंद्रनाथ सिंह ने आगे कहा, पिछले तीन महीनों में 500 से अधिक औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न विभागों जैसे भूमि, प्रदूषण नियंत्रण, बिजली और भूजल दोहन की मंजूरी दी गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई परियोजनाओं के तहत दिसंबर तक कई हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है।

मंत्री बेचाराम मन्ना ने बताया कि सिंगूर में नए उद्योग के लिए 27 बीघा जमीन अधिग्रहित की गई है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से सुंदरबन क्षेत्र को नई पहचान मिली है अब सरकार सीधे संग्रहकर्ताओं से शहद खरीद रही है, जिससे उनकी आय बढ़ी है और जीवन-यापन सुरक्षित हुआ है।

## यूटीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड: मजबूत और भरोसेमंद कंपनियों में निवेश का सुनहरा अवसर

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूटीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड निवेशकों के लिए एक विविध और संतुलित निवेश विकल्प प्रस्तुत करता है। यह फंड ऐसी कंपनियों में निवेश करता है जो मजबूत वित्तीय स्थिति और स्थायी व्यवसाय मॉडल के बावजूद इस समय अपेक्षाकृत कम वैल्यूएशन पर कारोबार कर रही हैं। इसका उद्देश्य निवेशकों को मार्जिन ऑफ सेफ्टी यानी सुरक्षा का अंतर प्रदान करना है। सेबी के वर्गीकरण के अनुसार, यह फंड कम से कम 35% निवेश लार्ज कैप और 35% मिड कैप शेयरों में करता है। इसकी निवेश रणनीति वैल्यू इनवेस्टिंग पर आधारित है, जिसके तहत फंड ऐसे शेयरों का चयन करता है जो अपनी वास्तविक कीमत से कम पर उपलब्ध हैं। वर्ष 2009 में शुरू हुआ यह फंड 31 अक्टूबर 2025 तक 5,200 करोड़ से अधिक एयूएम के साथ काम कर रहा है। प्रमुख निवेशों में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एलएंडटी जैसी शीर्ष कंपनियां शामिल हैं।

## एसबीआई क्रेडिट कार्ड कंपनी की पूर्व कर्मचारी ने ग्राहकों को ठगकर उड़ाए साढ़े चार लाख रुपये, गिरफ्तार

**कोलकाता :** एसबीआई क्रेडिट कार्ड लिमिटेड की एक पूर्व कर्मचारी ने कंपनी के ग्राहकों को ठगकर लाखों रुपये हड़प लिए। इस मामले में कोलकाता पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने नफीसा अली (23) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पार्क स्ट्रीट थाने में केस दर्ज है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी नफीसा अली, जो पहले एसबीआई क्रेडिट कार्ड लिमिटेड में कार्यरत थी, ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई ग्राहकों से संपर्क किया। वह केवाईसी अपडेट के नाम पर ग्राहकों के घर गई और सहायता के बहाने उनके मोबाइल या लैपटॉप का एक्सेस ले लिया। इसके बाद उसने चालाकी से उनके क्रेडिट कार्ड डिटेल्स हासिल कर लिए और उन खातों से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।




पुलिस जांच में सामने आया कि नफीसा ने इस तरह से कुल 4,73,360 रुपये की ठगी की। आरोपी को मंगलवार दोपहर कसबा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

नफीसा अली, पिता शमशाद अली, निवासी 40/2 ब्रॉड स्ट्रीट, थाना करया, कोलकाता - 700019, को बुधवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोलकाता की अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी रिमांड की मांग करेगी।

पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ठगी में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था।

## हिंदी को अखिल भारतीय स्वरूप देने में बंगाल की भूमिका सर्वोपरि - डॉ. तारा दूगड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भोजपुरी अध्ययन केंद्र में हिंदी और बांग्ला का अंतर्संबंध विषय पर आयोजित बतकही कार्यक्रम में तारादेवी हरखचंद कांकरिया जैन कॉलेज, कोलकाता की प्राध्यापिका डॉ. तारा दूगड़ ने कहा कि हिंदी को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान करने में बंगाल का योगदान सर्वोपरि रहा है। उन्होंने बताया कि बंगाल ने प्रारंभिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक हिंदी के पठन-पाठन को बढ़ावा दिया और अनेक बांग्ला विद्वानों - जैसे राजा राममोहन राय, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद आदि - ने हिंदी के महत्व को स्वीकार करते हुए इसके विकास में योगदान दिया। डॉ. दूगड़ ने कहा कि बंगाल हिंदी पत्रकारिता की जन्मभूमि रहा है, जहां उदन्त मार्तण्ड, विशाल भारत, मतवाला जैसे पत्र प्रकाशित हुए। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी साहित्य के कई प्रमुख रचनाकार - निराला, पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी, पं. गोविंद नारायण मिश्र आदि - ने बंगाल की धरती से अपनी सृजन यात्रा शुरू की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर प्रभाकर सिंह ने की। उन्होंने डॉ. दूगड़ का अंगवस्त्र और साहित्य भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शोधार्थी शिखा सिंह ने किया। सभागार एम.ए. एवं शोधार्थी छात्रों की उपस्थिति से खचाखच भरा रहा। यह जानकारी अध्यक्ष महवीर बजाज द्वारा दी गई है।





## कोलकाता के मेट्रो रेलवे में राजभाषा संवाद सत्र सह कार्यशाला का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मेट्रो रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग और प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संवाद सत्र सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के संपर्क अधिकारियों और कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी रिपोर्टों को सही और प्रभावी ढंग से तैयार करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी सह मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष जैन उपस्थित रहे और उन्होंने राजभाषा के महत्व पर बल दिया। चर्चा सत्र के दौरान वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस ने प्रतिभागियों को राजभाषा प्रशिक्षण व्यवस्था, उसके अनुपालन से जुड़ी प्रक्रियाओं और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और उपयोगी सुझाव साझा किए।

## कोलकाता में सीजन का सबसे ठंडा दिन, तापमान गिरा 17 डिग्री तक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में नवंबर के दूसरे सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक, कोलकाता में बुधवार को तापमान गिरकर 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे यह अब तक का सबसे ठंडा दिन बन गया है। वहीं, पश्चिमी जिलों में तापमान 14 डिग्री तक दर्ज किया गया है। अलिपुर मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, मध्य बंगाल की खाड़ी में स्थित चक्रवातीय परिसंचरण धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है, जबकि दक्षिण बांग्लादेश और उसके आस-पास के क्षेत्रों में एक अन्य चक्रवातीय क्षेत्र सक्रिय है। इसके अलावा, उत्तर तमिलनाडु और समीपवर्ती क्षेत्रों में भी एक चक्रवात बना हुआ है।



बीते कुछ दिनों में बंगाल के मौसम में बदलाव स्पष्ट रूप से देखा गया है। सुबह और रात के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। राज्य के कई जिलों में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। सुबह के समय सड़कों और गलियों पर कोहरा छाने लगा है, हालांकि दिन बढ़ने के साथ ही आर्द्रता से उत्पन्न हल्की असुविधा महसूस हो रही है। बुधवार की सुबह कोलकाता घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। नवंबर के दूसरे सप्ताह में तापमान का इतना नीचे जाना दुर्लभ माना जाता है। पश्चिम बंगाल के पश्चिमी जिलों में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे लोगों को सर्द हवाओं का तीखा असर महसूस हो रहा है।

उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई गई है। हालांकि, फिलहाल उत्तर बंगाल में बारिश की कोई संभावना नहीं है और मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। बंगाल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में भी सर्दी ने अब अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है।

## एसआईआर इंपैक्ट: वृद्धाश्रम में रहने वाले माता-पिता अचानक अपने बच्चों के लिए हो गए मूल्यवान

**कोलकाता** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर)के कारण बंगाल में पिछले कुछ दिनों से कई अभूतपूर्व घटनाएं देखने को मिल रही हैं। कहीं दस्तावेजों की चाहत में बुजुर्ग तीन दशक बाद अपनी पत्नी के पास लौट रहे हैं, तो कहीं दस्तावेज नहीं होने से परेशान हो कर कथित तौर पर आत्महत्या कर रहे हैं। नदिया में एसआइआर के लिए भी ऐसी ही एक अजीबोगरीब घटना समाने आई है। परिवार में अप्रासंगिक और अनावश्यक हो चुके बुजुर्गों के वृद्धाश्रमों में अचानक बच्चों का तांता लग रहा है। यह प्रेम वश नहीं, बल्कि एसआइआर के लिए दस्तावेजों की चाहत में भीड़ लग रही है।

जगदीश मेमोरियल वृद्धाश्रम नदिया के राणाघाट के पुराना छपरा इलाके में स्थित है। नदिया, बर्द्धमान और यहां तक कि कोलकाता के भी बुजुर्गों का आश्रय है। वृद्धाश्रम के सदस्यों की संख्या लगभग 44 है। कुछ लोगों के बच्चे और नाती-पोते छुट्टियों में उनसे मिलने आते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में वृद्धाश्रम में 'शिष्टाचार मुलाकातों' में अचानक वृद्धि हो गई है।

**❑ जो साल में एक बार आते थे अब हर दिन ले रहे हैं खोज खबर**

वृद्धाश्रम के सचिव गौरहरि सरकार ने इसका कारण बताया। उन्होंने कहा कि एसआइआर की शुरुआत के बाद से बच्चों में अपने माता-पिता से मिलने की रुचि अचानक बढ़ गई है। जो पहले उनसे नहीं मिलने आते थे, वे अब लगभग हर दिन अपने माता-पिता को फोन कर रहे हैं। कुछ तो आश्रम भी आ रहे हैं। रूमा देबनाथ पिछले पांच सालों से वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की देखभाल कर रही हैं।



उन्होंने यह भी बताया कि पहले बहुत से लोग अपने माता-पिता की एक बार भी खोज खबर भी नहीं लेते थे। पिछले एक हफ्ते में सब कुछ बदल गया है। अब बहुत से लोग आकर पूछते हैं कि उनके माता-पिता कैसे हैं, उन्हें किसी चीज की जरूरत तो नहीं है। मुझे समझ नहीं आता कि आखिर ऐसा क्या हुआ। हालांकि, कई बाबू (निवासी) मुस्कुरा रहे हैं और कह रहे हैं, एसआइआर,एसआइआर। नदिया का यह वृद्धाश्रम ही नहीं, बल्कि राज्य के कई वृद्धाश्रमों में 27 अक्टूबर को एसआइआर की घोषणा के बाद यही तस्वीर देखी जा रही हैं। कई लोगों के पास एसआइआर के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं हैं। वे इसके लिए अपने माता-पिता के पास दौड़ रहे हैं।

**❑ बच्चों के आने से खुश है वृद्ध माता-पिता**

एसआइआ इंपैक्ट के कारण वृद्धाश्रम में रहने वाले माता-पिता अचानक अपने बच्चों के लिए 'मूल्यवान' हो गए हैं। बुजुर्ग लोग इस अचानक आई उनके प्रति चिंता के पीछे छिपे स्वार्थ की बू से इन्कार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, माता-पिता का नाम मतदाता सूची में होना अब बच्चों के लिए बहुत जरूरी हो गया है। क्योंकि इससे उनका भविष्य जुड़ा है। अचानक, वृद्धाश्रम में रहने वाले लोग अपने बच्चों की आवाजाही को लेकर मिली-जुली भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। कुछ तो अपने बच्चों का फोन आते ही फूट-फूट कर रोने लगते हैं। उसके बाद उन्हें देखने का कोई मतलब नहीं रह जाता। बच्चों की तो बात ही छोड़ दीजिए। कुछ लोग सच्चाई जानते हैं। वे चुपचाप हालात देख रहे हैं। हालांकि हर कोई चाहता है कि उनके बच्चे खुश रहे। एसआइआर को लेकर दहशत के माहौल का असर उन पर भी पड़ रहा है। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा कि अगर मैं इस हालात में अपने बच्चों के साथ नहीं हूं, तो मैं मां क्यों बनी? यह कहते हुए उन्होंने अपनी साड़ी के आंचल से आंखें पोंछ ली। फिर उन्होंने कहा कि चाहे खून के रिश्तों की चाहत में न सही लेकिन दस्तावेज की चाहत से तो निकट आए हैं।

# आधुनिक जीवनशैली की देन है गठिया

**डॉ रुप कुमार बनर्जीहोमियोपैथिक चिकित्सक**

आजकल की व्यस्त ज़िन्दगी, अनियमित दिनचर्या और गलत खानपान की देन है गठिया यानी आर्थराइटिस । इस रोग के किसी भी रूप में जोड़ों में दर्द होने लगता है और सूजन दिखाई देने लगती है। जोड़ों में सूजन के कारण जोड़ों में दर्द और जकड़न होती है। जोड़ों के दर्द और आर्थराइटिस जैसी बीमारियां अपनी जीवन शैली में बदलाव लाकर दूर की जा सकती हैं। कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं जिसके बारे में हमने सुन तो खूब रखा होता है पर बुनियादी जानकारी काफी कम होती है। इस कारण इनके इलाज में भी काफी लापरवाही होती है। आर्थराइटिस ऐसी ही एक बीमारी है, जिसका अर्थ है शरीर के जोड़ों में दर्द होना। इस रोग का देसी नाम है- गठिया। इसमें दर्द इतना तेज होता है कि पीड़ित मरीज को न केवल चलने-फिरने बल्कि घुटनों को मोड़ने में भी बहुत परेशानी होती है। इस बीमारी में घुटनों में दर्द होने के साथ दर्द वाले स्थान पर सूजन भी आ जाती है। कई अति बुद्धिमान लोग इस समस्या से पीड़ित होने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा की दुकान से मंगवाकर दर्द निवारक दवाएं लेनी शुरू कर देते हैं। यह एक ऐसी आदत है जो फौरी राहत हमें भले दे पर इससे आगे इलाज में काफी कठिनाई पैदा होती है।

बीमारी के बढ़ जाने पर चलने-फिरने या हिलने-डुलने में भी परेशानी होने लगती है। इसका प्रभाव प्राय: घुटनों, नितंबों, अंगुलियों और मेरू की हड्डियों पर पड़ता है। उसके बाद कलाइयों, कोहनियों, कंधों व टखनों के जोड़ों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। इस रोग से पीड़ित लोगों को न सिर्फ वजन कम करना चाहिए बल्कि खाने की मात्रा भी कम कर देनी चाहिए। शरीर का वजन जितना कम रहेगा, घुटनों का दर्द भी उतना ही कम रहेगा। इस रोग के पीड़ितों के लिए इससे बचाव के लिए एक जरूरी हिदायत यह है कि वे हल्के व सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। जिस भोजन को खाकर गैस उत्पन्न हों, उनके सेवन से बचना चाहिए। यह रोग किसी एक कारण से नहीं होता है। वैसे विटामिन- डी की कमी से लोगों की अंगुलियों, घुटने, गर्दन, कोहनी के जोड़ों में दर्द की शिकायत आज आम बात हो गई है। इस तरह की कोई परेशानी आने पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग झोलाछाप डॉक्टरों की गोलियों पर विश्वास करने लगते हैं। कुछ दिन राहत देने के बाद ऐसी गोलियां और चूर्ण काफी नुकसानदेह साबित होते हैं। उनमें 'स्टेरायड ' मिला होता है। यह बहुत दिनों तक लेने से शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और गुर्दे पर अच्छा खासा कुप्रभाव पड़ता है।

शरीर में गठिया एक बार विकसित हो जाता है तो इससे कई और तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। इसमें पहले जोड़ों में दर्द शुरू होता है। फिर यह अपने विकराल रूप में आते-आते उठने-बैठने और चलने-फिरने में परेशानी पैदा करने लगता है। शरीर का वजन भी बढ़ने लगता है। मोटापे से जहां हाइपरटेंशन, हृदयाघात, अस्थमा, कोलेस्ट्राल, बांझपन समेत पचास से ज्यादा तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं, वहीं शरीर में गठिया के बने रहने से रक्तचाप और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज और मुश्किल हो जाता है।सोने की आदत में लाएं सुधार- हमारे सोने की आदत कैसी है, इसका जोड़ों के दर्द से सीधा संबंध है। ध्यान रहे कि आप जिस गद्दे पर सोते हैं वह न तो बहुत मुलायम हो और न ही बहुत सख्त। याद रखें कि जमीन पर सोने के लिए नहीं बना है हमारा शरीर। सख्त सतह पर शरीर में दर्द की कई तरह की शिकायतें सामने आ सकती हैं। सीधा सोने की आदत डालें और ज्यादा मोटे तकिए का इस्तेमाल न करें।

कुछ और जरूरी बातें- अगर आपके जोड़ों में जरा सा भी दर्द, शरीर में हल्की अकड़न है तो भी सबसे पहले किसी डॉक्टर को दिखाएं ना कि अपने मन से दर्द निवारक गोलियां लें ।आधुनिक जीवनशैली की अनियमितता इस रोग की एक बड़ी वजह है। लिहाजा कोशिश करें कि दिनचर्या नियमित रहे।नियमित व्यायाम, घूमना-टहलना और मालिश करें।

'ठंडी हवा, नमी वाले स्थान व ठंडे पानी के संपर्क में न रहें।

घुटने में दर्द की स्थिति में ज़बरदस्ती पालथी मारकर न बैठें और ना ही नीचे बैठकर कोई भी काम करें। पूजा



पाठ, खाना बनाना, स्नान शौच आदि बिल्कुल नीचे बैठकर ना करें । शौच के लिए वेस्टर्न टॉयलेट प्रयोग करें।पैक्ड फूड, फास्ट फूड,मैगी, पिज़्ज़ा, अत्यधिक मांस, मदिरा , पनीर तली भुनी हुई चीजों का प्रयोग कम करें । बहुत ज़्यादा चाय या काफी ना पीएं।

होमियोपैथिक चिकित्सा अत्यंत कारगर है - आर्थराइटिस यानी गठिया से पीड़ित मरीज दर्द से छुटकारा पाने के चक्कर में कई बार दर्द निवारक दवाओं का सेवन करते है। इससे तुरंत दर्द से छुटकारा मिल जाता है। जैसे ही दवा का असर कम होता है तो दर्द दोबारा अपने स्थान पर आना लगता है। वहीं, होम्योपैथी में जोड़ो के दर्द के साथ-साथ गठिया का भी इलाज किया जाता है क्योंकि होम्योपैथी एक ऐसी प्रकृति की अमूल्य देन है, जिसमें प्राकृतिक ढंग से लाइलाज रोगों के मरीजों का इलाज संभव है। होम्यपैथिक इलाज के दौरान मरीज के शारीरिक एवं मानसिक लक्षणों के आधार पर ऐसी दवा दी जाती है जो रक्षा प्रणाली को तंदुरूस्त करके बीमारी को जड़ से खत्म करने में सक्षम है।

# सेहत की खबरें

**सोनी मल्होत्रा**

## आपकी जिंदगी में खुशी एवं आत्मविश्वास लाता है अच्छा जीवनसाथी

अगर आपका जीवनसाथी आपको प्यार करने वाला है तो आपका वैवाहिक जीवन तो शांति से बीतता ही है, साथ ही आपमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है और आप प्रसन्नता से अपने सभी कार्य पूरे कर लेते हैं। हाल ही में एक शोध के दौरान कुछ व्यक्तियों से उनके कार्यस्थल पर हुए अध्ययन से विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि जो लोग अपनी पसर्नल लाइफ से संतुष्ट होते हैं, वे अधिक कुशलता व आत्मविश्वास से कार्य करते हैं, उन्हें बीमारियां व तनाव भी कम होते हैं जबकि जो लोग अपनी पसर्नल लाइफ में खुश नहीं होते, उनके सभी कार्य उससे प्रभावित होते हैं और वे खराब परफॉरमेंस देते हैं।

## पोटेशियम व मैग्नीशियम देते हैं ऑस्टिओपोरोसिस से सुरक्षा

अगर आप ओस्टिओपोरोसिस से बचाव चाहते हैं तो फलों व सब्जियों को अपने आहार में शामिल करिए। नवीनतम शोधों के अनुसार फलों व सब्जियों में पाए जाने वाले तत्व पोटेशियम और मैग्नीशियम हड्डियों के घनत्व को बढ़ाते हैं। 69-97 आयु के कई व्यक्तियों पर चार साल के अध्ययन के फलस्वरूप पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने फलों व सब्ज़ियों का अधिक सेवन किया, उनकी हड्डियों में घनत्व अधिक पाया गया और जिनमें इन दोनों तत्वों की कमी रही, उनमें ओस्टिओपोरोसिस होने की संभावना अधिक पाई गई।

## क्यों महत्वपूर्ण है शारीरिक श्रम

कई शोधों से यह प्रमाणित हो चुका है कि व्यायाम व शारीरिक श्रम हमारे शरीर के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। हमारी मांसपेशियां जब भी कोई कार्य करती हैं तो उनकी आक्सीजन की आवश्यकता बढ़ जाती है। शारीरिक श्रम और एक्सरसाइज के दौरान हम गहरी सांस लेते हैं जिससे हमारे हृदय व फेफड़ों द्वारा अधिक मात्रा में ऑक्सीजन ग्रहण की जाती है और हृदय मांसपेशियों को तेजी से रक्त की पूर्ति करता है।

आज हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अगर हृदय रोगियों पर ध्यान दिया जाए तो उनमें से अधिकतर रोगी एक्सरसाइज नहीं करते। हृदय रोग ही नहीं, जो लोग एक्सरसाइज नहीं करते, उन्हें कई अन्य रोगों का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आपको किसी बीमारी के कारण बिस्तर पर कई दिनों तक पड़ा रहना पड़े तो आप महसूस करते हैं कि आपके शरीर में कितनी कमज़ोरी आ गई है। बिस्तर में पड़े रहने के कारण आपकी मांसपेशियां कोई कार्य न कर पाने के कारण कमज़ोर पड़ जाती हैं। यही परिणाम आप अपने शरीर पर पाते हैं जब आप कोई एक्सरसाइज नहीं करते। आपकी हड्डियां, हृदय, फेफड़े, मांसपेशियां कमज़ोर पड़ जाती हैं और इससे शरीर के दूसरे अंगों पर प्रभाव पड़ता है जैसे जोड़ आदि।

जितना आप अपने शरीर से काम लेंगे, उतना ही आपके शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। तैराकी, जागिंग आदि आपके शरीर को शक्ति प्रदान करते हैं। इससे आपका शरीर व मस्तिष्क दोनों सक्रिय रहते हैं और आप फिट रहते हैं।

एक्सरसाइज के फलस्वरूप आप मानसिक तौर पर भी अच्छा महसूस करते हैं। एक्सरसाइज के पश्चात् आप गहरी नींद लेते हैं। अपने अंदर चुस्ती महसूस करते हैं। अपना ध्यान पढ़ाई व अन्य कामों में अच्छी तरह दे पाते हैं। एक्सरसाइज आपको स्लिम रखने में भी मददगार सिद्ध होती है।

संक्षेप में एक्सरसाइज से आप अच्छे दिखते हैं, अच्छा महसूस करते हैं, कम बीमार पड़ते हैं और लंबी आयु जीते हैं।

## बच्चों की पसंद बने हुए हैं सॉफ्ट ड्रिंक्स और जंक फूड

अमेरिका में हुई एक रिसर्च के अनुसार आजकल छोटे बच्चे दूध के स्थान पर सॉफ्ट ड्रिंक्स व फ्रेंच फ्राइस का अधिक सेवन कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप वहां पर मोटापा एक भयंकर रोग का रूप लेता जा रहा है। इस सर्वे में 24 महीने से लेकर चार वर्ष तक की आयु के 3000 से भी अधिक बच्चों की खान-पान की आदतों को जाना गया। इस सर्वे में सामने आया कि बच्चे कैंडी, जंक फूड, पिज़्ज़ा, सोडा आदि अधिक लेते हैं और इसके फलस्वरूप आवश्यकता से अधिक कैलोरी, वसा व सोडियम की मात्रा लेते हैं। इनमें से अधिकतर बच्चे सब्ज़ियों व फलों का सेवन बहुत ही कम करते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार इस सर्वे के उपरांत अभिभावकों को सचेत हो जाना चाहिए कि अगर उनके बच्चे इसी तरह गलत भोज्य पदार्थों का सेवन करते रहे तो वे न केवल मोटापे बल्कि कई अन्य बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। यह सर्वे तो अमेरिका में किया गया पर अगर भारत में भी इस तरह का सर्वे किया जाए तो परिणाम इसी भांति ही आएंगे। भारत में भी जंक फूड का सेवन बढ़ता ही जा रहा है और बच्चों की यह पहली पसंद बना हुआ है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों में सही ईटिंग हैबिटस डालें ताकि बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहे।

## अल्कोहल का सेवन कर गाड़ी चलाना जोखिम भरा कार्य

अल्कोहल की थोड़ी मात्रा का सेवन भी ड्राइविंग करते समय बहुत ही खतरनाक सिद्ध हो सकता है। एक शोध में पाया गया कि जिन कार चालकों ने सिर्फ एक ही ड्रिंक का सेवन किया, उनमें निद्रा आने की संभावना पाई गई। इस अध्ययन में विशेषज्ञों ने 20-26 वर्ष की आयु के 12 व्यक्तियों को जब बहुत ही कम मात्रा में अल्कोहल का सेवन कराया और उन्हें दो घंटे तक कार ड्राइव करने को कहा तो उनमें अलर्टनेस कम पाई गई। इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार ड्राइविंग करते समय अल्कोहल के सेवन जैसा जोखिम नहीं लिया जाना ही उचित है।

## भोजन पकाने का उचित तरीका 'स्टीमिंग'

स्पेनिश विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार भोजन पकाने का सबसे उचित तरीका है 'स्टीमिंग' और इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि सब्जियों में युक्त पोषक तत्वों की उपयोगिता बनी रहती है। आजकल जिस तरह से माइक्रोवेव कुकिंग का फैशन बढ़ता जा रहा है उससे भोजन पकने के समय ही सभी पोषक तत्व समाप्त हो जाते हैं।

नेशनल साइंटिफिक रिसर्च काउंसिल के विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में ब्रोकली को विभिन्न तरीकों से पकाने के पश्चात् उनमें युक्त एंटीआक्सीडेंटस की जांच की जो फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देते हैं। इस जांच में उन्होंने पाया कि स्टीमिंग के फलस्वरूप एंटीऑक्सीडेंट को नुकसान नहीं पहुंचा पर माइक्रोवेव के अधिक तापमान ने एटीऑक्सीडेंट नष्ट कर दिए। पकाने के अन्य तरीके जैसे उबालना आदि ने एंटीऑक्सीडेंटस को पूरी तरह नष्ट नहीं किया पर फिर भी ये पोषक तत्व प्रभावित हुए, इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार स्टीमिंग ही सब्ज़ियों को पकाने का सबसे उचित तरीका है।

## दूध न पीना नुकसानदेह हो सकता है

न्यूज़ीलैंड में हुए एक शोध के अनुसार जो बच्चे दूध का सेवन नहीं करते, वे न केवल अपनी हडिड्यों को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि ऐसे बच्चे, दूध पीने वाले बच्चों की अपेक्षा छोटे कद के व अधिक वज़न के होते हैं। न्यूज़ीलैंड में यूनिवर्सिटी ऑफ ओटेगा के प्रोफेसर एलिसा द्वारा किए गए इस अध्ययन से यह भी सामने आया कि जिन बच्चों की हड्डियां टूटती हैं उनमें से अधिकतर वही बच्चे होते हैं जो दूध नहीं पीते। (स्वा.द.)

## शाकाहारी भोजन कितना पौष्टिक

शाकाहारी भोजन और मांसाहारी भोजन की उपयोगिता पर लोग अलग-अलग मत प्रकट करते हैं किंतु शाकाहारी भोजन और विटामिन बी-12 के पारस्परिक संबंध में एक रोचक खोज शाकाहारियों पर किए गये एक अध्ययन के दौरान कुछ समय पहले सामने आयी है। शरीर के लिए विटामिन बी-12 बहुत आवश्यक होता है। इस की कमी से अनीमिया और कभी-कभी अन्य मानसिक बीमारियां हो जाती हैं। अध्ययन से यह पता चला है कि रक्त सीरम की मात्रा मांसाहारी लोगों में अधिक होती है किंतु यह रहस्य अभी भी बना हुआ है कि क्या शाकाहारियों में विटामिन की इस कमी को भी माना जाए। पश्चिम जर्मनी की स्वास्थ्य एजेंसी की 1986 की प्रगति के अनुसार यहां 333 शाकाहारी और इतने ही मांसाहारी लोगों पर किए गये इस अध्ययन का मूल उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या शाकाहारी भोजन से हृदय की बीमारियां शाकाहारियों में कम होती हैं? जहां तक विटामिन का प्रश्न है इस अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ ही है कि शाकाहारियों में मांसाहारी लोगों की तुलना में विटामिन बी-12 की मात्रा कम होती है। इस अध्ययन के दौरान डॉक्टरों द्वारा यह भी पाया गया कि शाकाहारी पुरूषों में 25 प्रतिशत में और महिलाओं में से 12 प्रतिशत में विटामिन की मात्रा कम थी जबकि मांसाहारियों में ऐसे व्यक्तियों की संख्या मर्दों में 5 प्रतिशत और औरतों में 4 प्रतिशत थी।

# कोलेस्ट्रॉल लेवल को रखें नियंत्रण में


**नीतू गुप्ता**

कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना अपने आप में कोई बीमारी नहीं है पर अन्य बीमारियों के बढ़ने में सहयोगी है। हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल के कांउट दो प्रकार के होते हैं एच डी एल और एल डी एल। एल डी एल हमारा शत्रु है और एच डी एल हमारा मित्र । जब एल डी एल की मात्रा अधिक होने लगती है तो हार्ट और ब्रेन की नाड़ियों में खून के थक्के जमा होने का खतरा बढ़ जाता है जिससे हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस हो सकता है। एच डी एल हमारे शरीर का मित्र है।

वैसे मानव शरीर में कोलेस्ट्रॉल का होना भी जरूरी है। यह हमारे शरीर के सेल्स स्ट्रक्चर और दिमागी फंक्शन और नाड़ियों की कार्य प्रणाली को कंट्रोल में रखता है पर कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का अधिक होना हमें खतरनाक बीमारी का संदेश देता है।

कोलेस्ट्रॉल का स्तर हमारे खून में तब बढ़ता है जब हमारे खान पान का तरीका ठीक नहीं होता और व्यायाम बिलकुल नहीं होता। यहां कुछ प्राकृतिक सरल उपाय हैं जिनको अपनाकर हम कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल में रख सकते हैं।

- नियमित व्यायाम से अपने रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्राण में रखा जा सकता है।
- हमें सही फैट्स का सेवन करना चाहिए जिससे कोलेस्ट्रॉल लेवल ठीक रह सके। फुल क्रीम दूध और इनसे बने पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए उसके साथ मीट, मक्खन, क्रीम, चीज और अन्य प्रोसेस्ड फूड का सेवन भी नहीं करना चाहिए।
- गेंहू का चोकर, ओट्स, जौ का आटा, सत्तू, बींस, हरी पत्तेदार सब्जियां, ताजे फल के नियमित सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्राण में रहता है। सेब, गाजर, साबुत दालें, लहसुन आदि का सेवन भी कोलेस्ट्रॉल को नियंत्राण रखने में मदद करता है। इसलिए इन सब खाद्य पदार्थों को अपने भोजन का अंग बनाएं।
- ओमेगा-3 फैटी एसिड्स का भोजन में सेवन से ब्लड प्रेशर ठीक से संचालित रहता है जिससे ब्लड क्लॉट बनने का खतरा भी कम हो जाता है। इसके लिये टूना, सैलमन मछली का सेवन करें। इसके अतिरिक्त शाकाहारी लोग फ्लैक्स सीड्स और कैनोला ऑयल का सेवन करें।
- अखरोट, बादाम और पिस्ते में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिडस होते हैं जो हमारी ब्लड वैसल्स को स्वस्थ रखते हैं। सूखे मेवों में कैलोरीज की मात्रा अधिक होने के कारण हमें इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करना चाहिए।
- कभी भी खाना ऊंचे तापमान पर मत पकाएं क्योंकि इससे ट्रांस फैट्स का निर्माण होता है जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है। पहले से बचे तले में खाना न पकाएं। यह भी हैल्थ को नुकसान पहुंचाता है।
- फोलिक एडिस का सेवन भी अपने खाद्य पदार्थों में थोड़ा बढ़ा दें। इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियां व साबुत दालों का सेवन नियमित करें। फोलिक एसिड के सेवन से होमोसिस्टीन का स्तर कम होता है जो हमारे हार्ट और ब्रेन के लिए उचित है। (स्वा.द.)




# हंसी से संभव है बुढ़ापे से मुक्ति

**सीताराम गुप्ता**

प्रसन्न रहने से सब दुख दूर हो जाते हैं और बुद्धि स्थिर हो जाती है। बुद्धि स्थिर होने का अर्थ है चंचलता में कमी जो हमारी समस्याओं का प्रमुख कारण है। हँसी से न केवल समस्याओं से मुक्ति, रोग-मुक्ति तथा अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति संभव है अपितु अधिक हँसने वाले व्यक्ति अपेक्षाकृत युवा बने रहते हैं तथा दीर्घजीवी भी होते हैं।

कुछ लोग सदैव गंभीर बने रहते हैं। अवसादग्रस्त लटके हुए चेहरे लिए घूमते रहते हैं। उनकी त्वचा से, उनके चेहरों से उनकी उम्र का पता ही नहीं चलता। चालीस की अवस्था में साठ के प्रतीत होते हैं।

जो लोग जितने गंभीर बने रहते हैं, उतने ही ज़्यादा उम्र के दिखते हैं और उसी के अनुसार उनका उत्साह भी मंद पड़ता जाता है।

हँसी का संबंध न केवल आरोग्य और दीर्घायु से है अपितु बुढ़ापा रोकने में भी हास्य की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हँसने या मुस्कुराने से लंबे समय तक युवा तथा ख़ूबसूरत बने रह सकते हैं। हँसने या मुस्कुराने के दौरान चेहरे से लेकर गर्दन तक की मांसपेशियों का व्यायाम हो जाता है। व्यायाम से जो खिंचाव पैदा होता है उससे शरीर के इस भाग में रक्त प्रवाह तेज़ हो जाता है जिससे न केवल चेहरे की चमक-दमक बढ़ जाती है अपितु चेहरे की झुर्रियों को रोकने में भी मदद मिलती है।

हमारी शारीरिक संरचना का भी हमारे स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है। चेहरे पर झुर्रियाँ न होने तथा चेहरे की चमक-दमक बढ़ जाने का मनोवैज्ञानिक असर भी होता है जिससे व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, उसकी सकारात्मकता बढ़ जाती है तथा वह आशावादी हो जाता है और ये सब स्थितियाँ उसके स्वास्थ्य को और बेहतर बनाने में सक्षम होती हैं।



वस्तुतः हास्य ही एकमात्र औषधि है जो बाह्य रूप से हमारे चेहरे की झुर्रियों को रोकने में सक्षम है तथा आंतरिक रूप से हमें उत्साहपूर्ण बनाए रखने में अतः हास्य व्यायाम के साथ-साथ बुढ़ापे के लिए एक उत्तम टॉनिक भी है। अतः हँसते रहिये और बुढ़ापे को सदा के लिए अलविदा कह दीजिए।

हास्य से समय की सीमा मिट सी जाती है। हँसते-हँसते कब और कैसे समय बीत जाता है, पता ही नहीं चलता। दिन घंटों में और घंटे मिनटों में गुज़रते प्रतीत होते हैं। व्यक्ति के लिए सबसे कठिन समय वही होता है जब उसका एक-एक पल एक-एक युग के समान बीतता है। वही एक पल उसको शारीरिक और मानसिक तौर पर निर्बल बना देता है, उसे उत्साहहीन और बीमार बना देता है।

हास्य इस सारी प्रक्रिया को भी रोक कर हमें स्वास्थ्य और आरोग्य प्रदान करने में सक्षम है अतः मायूसी में अकेले पड़े रहने की बजाय हँसने-हँसाने वाले दोस्तों का साथ खोजिए। अपने अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए हँसने-हँसाने का कोई भी अवसर अपने हाथ से न जाने दीजिये। (स्वा.द.)



**राजा तालुकदार**

# गुणकारी तुलसी

भारतीय घरों में पाया जाने वाला तुलसी का पौधा केवल पवित्रा पौधा ही नहीं है बल्कि रोगनाशिनी शक्ति से परिपूर्ण एक औषधीय पौधा भी है। इसका इस्तेमाल करके अनेकों रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसका जड़, पत्ता, फूल आदि ही नहीं, इसके जड़ों से चिपकी मिट्टी में भी रोगनाशिनी शक्ति होती है। नीचे तुलसी के कुछ उपयोग दिए जा रहे हैं जिनका उपयोग करके नित्य सताने वाले अनेकों रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है।

### तुलसी के औषधीय उपयोग:-

**कील-मुंहासे:-** कील-मुंहासे युवक-युवतियों की एक आम समस्या हैं। यदि आप इस समस्या से ग्रसित हैं तो तुलसी के पत्तों के अर्क में नींबू का रस मिला कर चेहरे पर लगाएं। कील मुंहासें दूर हो जाएंगे।

**कुष्ठ रोग-** तुलसी की जड़ का चूर्ण तथा सोंठ का चूर्ण गर्म पानी से लेने से कुष्ठ रोग ठीक होता है। तुलसी के पत्ते खाने व उसका रस कुष्ठ के घाव पर लगाने से रोग मिटता है।

- तुलसी के जड़ से चिपकी मिट्टी चेहरे या शरीर के सफेद दाग पर मलने से सफेद दाग मिटता है।
- नींबू के रस में तुलसी के पत्ते पीसकर लेप बना कर दाद-खाज पर लेप करने से दाद-खाज से छुटकारा मिलता है।
- बच्चे की छाती में कफ भर गई हो तो तुलसी के पत्तों के रस को शहद में मिलाकर दिन में 2-3 बार पिलाने से लाभ मिलता है। तुलसी का रस गुनगुना करके छाती नाक व माथे पर लगाना चाहिए।
- तुलसी के पत्ते के रस में शहद या मिश्री मिलाकर पिलाने से सामान्य ज्वर या सर्दी जुकाम के कारण होने वाला ज्वर ठीक होता है।
- काली मिर्च, तुलसी पत्ती और सोंठ का चूर्ण बराबर मात्रा में लेकर शहद के साथ देने से पुराना ज्वर ठीक होता है।
- यदि आप फ्लू का शिकार हैं तो 50 ग्राम तुलसी की पत्तियां तथा 5 दाने काली मिर्च को पीसकर 200 ग्रा. पानी में उबालें। आधा रह जाने पर उतार ले। रोगी को इसे दिन में 2-3 बार पिलाएं।
- तुलसी और सूर्यमूखी के पत्ते पीसकर उसका रस पीने से सभी तरह का ज्वर ठीक होता है।
- तुलसी के ताजा पत्तों का रस गुनगुना करके कान में टपकाने से कान दर्द मिटता है।
- तुलसी और मकोय की पत्ती के रस में थोड़ा कपूर मिलाकर कान में डालने से कान का बहना ठीक होता है।
- तुलसी के पत्तों का रस पानी में मिलाकर कुल्ला करने से मुंह के छाले ठीक होते हैं। (स्वा.द.)

# आंखों को धूम्रपान के धुएं से बचाएं

**संजय कुमार साह**

हाल ही कैंब्रिज विश्वविद्यालय के एक दल ने अपने एक शोध में कहा है कि धूम्रपान करने वालों के धुएं से प्रभावित होकर दूसरे लोग भी अंधे हो सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अप्रत्यक्ष धूम्रपान नजर के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

कैंब्रिज विश्वविद्यालय के एक दल ने उम्र बढ़ने के साथ होने वाली नजर समस्या का संबंध धूम्रपान के असर के साथ जोड़कर देखने के लिए अध्ययन के बाद अपनी शोध रिपोर्ट को ब्रिटेन की प्रसिद्ध नेत्रा विज्ञानी पत्रिका में प्रकाशित किया है। प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक धूम्रपान करने वालों के साथ कोई व्यक्ति लगातार पांच साल तक रहे तो उनके अंधे होने का खतरा तीन गुना ज्यादा बढ़ जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अध्ययन इस बात को और पक्का करता है कि सार्वजनिक स्थलों और दफ्तरों आदि में धूम्रपान पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए।

पहले ही शोधों से पता चलता है कि धूम्रपान नजर की समस्याओं का खतरा बढ़ाता है। ताजा अध्ययन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अप्रत्यक्ष धूम्रपान भी उतना ही खतरा पैदा कर सकता है जितना प्रत्यक्ष धूम्रपान करने से होता है।

उम्र के साथ होने वाली आंखों की सामान्य बीमारियां आमतौर पर पचास साल की उम्र पार करने के बाद होती हैं लेकिन धूम्रपान का धुआं रेटिना के केंद्रीय हिस्से पर असर डालता है जो देखने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



हालांकि शोध में यह बात भी कही गई है कि ऐसी बात नहीं है कि इस धुएं से हमेशा ही अंधेपन का खतरा हो। एक सर्वेक्षण के मुताबिक ब्रिटेन में उम्र के साथ नजर की समस्या से करीब पांच लाख लोग प्रभावित हैं।

ब्रिटेश शोधकर्ताओं ने ऐसी समस्या से प्रभावित 353 लोगों पर अध्ययन किया। इसके अलावा उन्होंने 28 ऐसे लोगों का भी अध्ययन किया जिन्हें नजर की समस्या नहीं थी। उन लोगों की धूम्रपान आदतें भी देखी गईं और फिर इस बात का अध्ययन किया गया कि उनमें कोई कैसी बीमारी से ग्रस्त हुआ और उसकी बीमारी कैसे बढ़ती गई। वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि कोई भी व्यक्ति जितना ज्यादा धूम्रपान करता है, उसे और उसके साथ रहने वालों को नजर की समस्या का खतरा उतना ही बढ़ता है।

प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक चालीस साल तक नियमित रूप से सिगरेट का एक पैकेट या उससे ज्यादा रोजाना धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के साथ करीब पांच साल रहने भर से ही उसकी नजर प्रभावित होने की संभावना दोगुनी हो जाती है। शोध में यह भी कहा गया है कि बीस या उससे ज्यादा वर्ष से धूम्रपान छोड़ देने वाले व्यक्तियों में नजर प्रभावित होने का खतरा कम स्तर पर आ जाता है।

इस प्रकार से देखा जाए तो यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण शोध है क्योंकि इसमें विज्ञानियों ने धूम्रपान और इस बीमारी के साथ सीधा संबंध उजागर कर दिया है। (स्वा.द.)

# दवाइयां देख भाल कर ही लें

**आशीष कुमार**

कई बार बची हुई दवाइयां महीनों और वर्षों तक पड़ी रहती हैं और उनके कवर पर उनकी एक्सपायरी डेट भी न होने से या किसी कारण से नहीं पढ़ी जा सकती है। यदि इन गोलियों का रंग पीला हो गया है या उन में से सिरके जैसी बदबू आ रही हो तो कदापि न लें। यह आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

जो कैप्सूल बाहर से मुलायम पड़ गया हो और जो गोलियां चटख गयी हों या उन पर पपड़ी सी जम गई हो, इन्हें कदापि न लें।

जो सीरप या पीने की दवाई की बोतल ज्यादा समय से पड़ी हो या कम से कम दो महीने तक पड़ी हो तो उन्हें भी न लें। आंख या कान में डालने वाली दवाई ढक्कन खोलने के बाद एक महीने से अधिक बची हो तो उसे भी प्रयोग न करें। यह थोड़ी सी कंजूसी शायद ज्यादा रूपए भी खर्च करवा सकती है। (स्वा.द.)

# जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल मामले में हरियाणा के मौलवी को हिरासत में लिया

**श्रीनगर :** फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय के पास अपने किराये के मकान में कथित तौर पर विस्फोटक रखने में मदद करने वाले हरियाणा के एक मौलवी को हिरासत में लेकर बुधवार सुबह श्रीनगर लाया गया। जम्मू कश्मीर पुलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौलवी इश्तियाक मेवात का है और अल फलाह विश्वविद्यालय के परिसर में धार्मिक प्रवचन देता था। यह विश्वविद्यालय 'सफेद पोश आतंकी मॉड्यूल' को लेकर खबरों में है जिसके तार सोमवार को लाल किले के पास हुए विस्फोट से जुड़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उसके घर से ही 2,500 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर बरामद किया था। मौलवी इश्तियाक के आवास पर विस्फोटक सामग्री डॉ. मुजम्मिल गनई उर्फ मुसैब और डॉ. उमर नबी ने रखी थी। डॉ. नबी ही उस कार को चला रहा था, जिसमें सोमवार शाम लाल किले के बाहर विस्फोट हो गया था। इसमें 12 लोग मारे गए हैं। इश्तियाक को जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर मारे गए कई छापों के बाद हिरासत में लिया गया। उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

### एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती दो लोगों की हालत गंभीर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास सोमवार को हुए कार विस्फोट में घायल दो लोग लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में जिंदगी के लिये संघर्ष कर रहे हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि विस्फोट में कुल 27 लोग घायल हुए हैं और घायलों में से तीन आईसीयू में हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि तीन घायलों ने चिकित्सा सलाह के विरुद्ध अस्पताल से छुट्टी ले ली। एलएनजेपी के अधिकारी ने बताया कि घायलों के परिजनों को भोजन समेत विभिन्न आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

### आतंकी मॉड्यूल के खुलासे और लाल किला विस्फोट के बाद अल-फलाह विश्वविद्यालय जांच के घेरे में

**फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद जिले के मुस्लिम बहुल धौज गांव में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसका 76 एकड़ का विशाल परिसर 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' और दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट के सिलसिले में तीन डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में आ गया है। इस मामले में कुछ शिक्षित लोगों के ''पाकिस्तान समर्थित आकाओं के इशारे पर काम करने'' का पता चलने के बाद, जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह कैसे बन गया। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, इसकी स्थापना हरियाणा विधानसभा द्वारा हरियाणा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत की गई थी। इसकी शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में, अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से 'ए' श्रेणी की मान्यता प्राप्त हुई। 2014 में, हरियाणा सरकार ने इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इस विश्वविद्यालय से संबद्ध है।

### हुंडई आई20 कार की बिक्री में मदद करने वाला फरीदाबाद का डीलर हिरासत में

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने लाल किला विस्फोट मामले में फरीदाबाद के एक कार डीलर को हिरासत में लिया है। पुलिस के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के सूत्र के अनुसार रॉयल कार प्लाजा के मालिक अमित को विस्फोट के तुरंत बाद फरीदाबाद पुलिस की सहायता से सेक्टर-37 स्थित उसके कार्यालय से हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्र ने कहा कि अमित ने हुंडई आई20 कार की बिक्री में मदद की थी जिसका इस्तेमाल सोमवार को हुए विस्फोट में किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में हुए इस विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा, ''अमित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस गाड़ी के मालिकाना हक की पूरी कड़ी का पता लगाने और यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह संदिग्ध के हाथों में कैसे पहुंची। हम इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि अमित के शोरूम में कार कौन लेकर आया और किसके माध्यम से डॉ. उमर नबी उनके संपर्क में आए।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार में राजग को 140 से अधिक सीटें मिलीं तो यह मतदाता सूची, ईवीएम में 'हेरफेर' होगा : दिग्विजय



**भोपाल :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में मुकाबला बराबरी का था और यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 140 से अधिक सीटें मिलती हैं तो यह मतदाता सूची और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 'हेरफेर' का कमाल होगा। राज्यसभा सदस्य सिंह ने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान बिहार का दौरा किया था और उन्हें बराबर की लड़ाई मैदान में दिखी। यहां अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, एग्जिट पोल पर मैं भरोसा नहीं करता। लेकिन एक बात मैं जानता हूं। क्योंकि जब मैं बिहार गया था मुझे कहीं नहीं लग रहा था कि चुनाव एकतरफा है। बराबर की लड़ाई थी।

### एनआईए ने त्रिपुरा के उनाकोटी में दस्तावेज़ फर्जीवाड़ा जांच के तहत कई स्थानों पर छापे मारे

**अगरतला :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम ने त्रिपुरा पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार को प्रदेश के उनाकोटी जिले में कई स्थानों पर छापे मारे। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। पुलिस नियंत्रण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजदीप देब ने बताया कि एनआईए की अहमदाबाद शाखा ने पहले त्रिपुरा पुलिस को इस कार्रवाई की सूचना दी थी। उन्होंने कहा, एनआईए की टीम ने आज उनाकोटी जिले में छापामारी की, लेकिन हमें आगे की जानकारी नहीं मिली है। राज्य पुलिस की खुफिया शाखा के सूत्रों ने बताया कि छापों का उद्देश्य दो व्यक्तियों - भव्यपुर क्षेत्र के रहने वाले परितोष शिल (45) और कुमारघाट पीएस क्षेत्र के नीडेवी क्षेत्र के निवासी रानु पाल (42) का पता लगाना था। ये दोनों कथित रूप से नकली दस्तावेज़ तैयार करने में शामिल बताए जा रहे हैं।

### दिल्ली विस्फोट: ऑनलाइन 'भड़काऊ' सामग्री के प्रसार के आरोप में असम में पांच लोग गिरफ्तार

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि हाल में दिल्ली में हुए विस्फोट के संबंध में आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री को ऑनलाइन प्रसारित करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर घृणा फैलाने या आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तेजी से और दृढ़ता से कार्रवाई करना जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हाल में दिल्ली में हुए विस्फोट के सिलसिले में असम पुलिस ने आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री को ऑनलाइन फैलाने के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

## वर्ष 2015 से टीबी के नये मामलों में 21 प्रतिशत की गिरावट: स्वास्थ्य मंत्रालय

**अगरतला :** नयी दिल्ली : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्ल्यूएचओ) की वैश्विक तपेदिक (टीबी) रिपोर्ट 2025 से पता चला है कि भारत में टीबी के मामलों (प्रत्येक वर्ष सामने आने वाले नये मामले) में 21 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्रालय ने कहा कि 2015 में यह संख्या प्रति लाख जनसंख्या पर 237 थी, जो वर्ष 2024 में घटकर प्रति लाख जनसंख्या पर 187 हो गई। सरकार ने कहा कि यह कमी वैश्विक स्तर पर देखी गई 12 प्रतिशत की गिरावट की गति से लगभग दोगुनी है। मंत्रालय ने कहा कि नयी तकनीकों के तेजी से अपनाने, सेव-ाओं के विकेंद्रीकरण और बड़े पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता से प्रेरित देश का उपचार दायरा 2024 तक 92 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इस बीच, न्यूयॉर्क से जारी एपी की एक खबर के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर में तपेदिक से पीड़ित लोगों की संख्या पिछले साल फिर से बढ़ी, जो 2023 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि नये आंकड़े पिछले साल वास्तव में बीमार पड़े लोगों की अनुमानित संख्या का 78 प्रतिशत दर्शाते हैं। डब्ल्यूएचओ के अधिकारी इस वृद्धि को इस बात का संकेत मानते हैं कि कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवा में व्यवधान के बाद जांच और उपचार में सुधार हो रहा है। वैश्विक स्तर पर, तपेदिक से होने वाली मौतों की संख्या 2024 में घटकर 12.3 लाख हो गई, जो पिछले वर्ष 12.5 लाख थी।

## दिल्ली विस्फोट साबित करता है कि शिक्षित लोग भी चरमपंथी हो सकते हैं : हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में लाल किले के नजदीक हुए विस्फोट से यह साबित हो गया है कि शिक्षित लोग भी चरमपंथी हो सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला के नजदीक सोमवार शाम को धीमी गति से चलती कार में हुए विस्फोट में कई चिकित्सकों के संलिप्त होने का संदेह है। इस विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''अब इसमें सच्चाई नहीं है कि शिक्षित लोग चरमपंथी नहीं हो सकते। बल्कि वे अगर ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो और भी खतरनाक हो सकते हैं। अगर वे चिकित्सक बन जाते हैं, तो और भी खतरनाक हो सकते हैं।'' शर्मा ने मुसलमानों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि विधानसभा में अक्सर यह चर्चा होती थी कि कुछ समुदायों के लोगों को शिक्षा प्राप्त नहीं है, और इसलिए उन्हें इस तरह की विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त कर लिया जाता है या उनका इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि लेकिन अब यह बात गलत साबित हो गई है कि शिक्षा ऐसी गतिविधियों के खिलाफ गारंटी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''दिल्ली में हुए विस्फोट ने साबित कर दिया है कि जिहाद अनपढ़ों ने नहीं,



बल्कि शिक्षितों ने किया है और असम में एक वर्ग ने घटना की निंदा करने के बजाय, राज्य में स्थिति को बदतर बनाने के लिए घटना का स्वागत करते हुए इमोजी या पोस्ट साझा किए हैं।'' उन्होंने दावा किया कि इससे पता चलता है कि लोग शिक्षा से नहीं बदलते और ''जो लोग वंदे मातरम नहीं गाते वे कभी भारतीय नहीं हो सकते और राष्ट्र को अपनी मां नहीं मान सकते।''

### इंडिगो को पांच हवाई अड्डों के लिए धमकी भरा संदेश मिला

**नयी दिल्ली :** इंडिगो को बुधवार को संदेश भेजकर दिल्ली और मुंबई समेत पांच हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने खतरे का आकलन किया और पाया कि इसमें ''कोई दम नहीं है। उनके मुताबिक, संदेश में दावा किया गया था कि पांच हवाई अड्डों - दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम - को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, एयरलाइन को दोपहर में एक संदेश मिला जिसमें कहा गया था कि पांचों हवाई अड्डों पर 24 घंटे के भीतर हमला किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि संदेश प्राप्त होने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) की बैठक हुई और बाद में घोषित कर दिया गया कि इसमें 'कोई दम नहीं' था। फिलहाल इंडिगो की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा और जांच कड़ी कर दी गई है। विमान और विमान केटरिंग सेवाओं की पूरी तलाशी, एयर एम्बुलेंस सहित गैर-निर्धारित उड़ान संचालन की कड़ी निगरानी, यात्रियों के सामान की औचक जांच जैसे उपाय नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने लागू किए हैं।

### रॉ प्रमुख पराग जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**नयी दिल्ली :** खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के प्रमुख पराग जैन को बुधवार को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पंजाब कैडर के 1989 बैच के अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति द्वारा जारी आदेश में कहा गया, सक्षम प्राधिकार ने कैबिनेट सचिवालय के सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार आईपीएस अधिकारी पराग जैन (पंजाब कैडर, 1989 बैच) को सौंपने की मंजूरी दी है। आदेश में यह भी कहा गया कि पराग जैन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी तुरंत प्रभाव से तब तक के लिए दी गई है, जब तक नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती या अगला आदेश जारी नहीं किया जाता। जैन को 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीतिक योजना बनाने वाले प्रमुख अधिकारियों में से एक माना जाता है। इस अभियान के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।

### अभिनेता गोविंदा को अस्पताल से मिली छुट्टी, कहा 'मैं ठीक हूं, ज्यादा कसरत कर ली थी'

**मुंबई :** अभिनेता गोविंदा को बुधवार को एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उन्हें घर पर अचेत अवस्था में पाये जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गोविंदा (61) ने 'क्रिटी केयर' अस्पताल से बाहर आने के बाद उनका इंतजार कर रहे संवाददाताओं से बात की। गोविंदा ने कहा, मैं ठीक हूं। मैंने बहुत ज्यादा कसरत की थी और बहुत थक गया था। योग-प्राणायाम अच्छा है। ज्यादा व्यायाम करना मुश्किल है। मैं अपने व्यक्तित्व को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि योग-प्राणायाम बेहतर है। अभिनेता ने इलाज के बारे में पूछे जाने पर कहा, इलाज जारी है। चिकित्सकों ने मुझे दवा दी है। गोविंदा के कानूनी सलाहकार और मित्र ललित बिंदल घर पर अचेत होने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले गये थे।

### जरात की अदालत ने गोहत्या मामले में तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई

**अमरेली (गुजरात) :** गुजरात के अमरेली शहर की एक सत्र अदालत ने गोहत्या के एक मामले में तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई और उन पर 18 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया। अभियोजन पक्ष ने बुधवार को यह जानकारी दी। विशेष सरकारी वकील चंद्रेश मेहता ने बताया कि सत्र न्यायालय की न्यायाधीश रिजवाना बुखारी ने मंगलवार को तीन आरोपियों -- कासिम हाजी सोलंकी, सत्तार इस्माइल सोलंकी और अकरम हाजी सोलंकी -- को गोहत्या मामले में गुजरात पशु संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया और उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई। मेहता ने बताया कि अदालत ने तीनों पर 18 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### असम में करीब 1.3 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, दो महिलाएं गिरफ्तार

गुवाहाटी : असम की राजधानी से दो अभियानों के बाद करीब 1.3 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की गई और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। गुवाहाटी पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर बसिष्ठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खानापाड़ा में सुबह छापेमारी की गई और एक महिला को हिरासत में लिया गया। पोस्ट में कहा गया कि 47 वर्षीय महिला मणिपुर के चूराचांदपुर निवासी है।

## मेरी बांग्लादेश वापसी सहभागितापूर्ण लोकतंत्र, अवामी लीग से प्रतिबंध हटाने पर निर्भर : हसीना

**कोलकाता :** बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि उनकी घर वापसी ''सहभागितापूर्ण लोकतंत्र'' की बहाली, अवामी लीग से प्रतिबंध हटने और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं समावेशी चुनाव कराने पर निर्भर करती है। भारत में एक अज्ञात स्थान से 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष ईमेल साक्षात्कार में, हसीना ने अनिर्वाचित यूनुस प्रशासन पर ''भारत के साथ संबंधों को खतरे में डालने और चरमपंथी ताकतों को सशक्त बनाने'' का भी आरोप लगाया। अपनी विदेश नीति की तुलना बांग्लादेश की वर्तमान अंतरिम सरकार से करते हुए, उन्होंने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच ''व्यापक और गहरे'' संबंधों को यूनुस के कार्यकाल की मूर्खतापूर्ण



गतिविधियों का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। हसीना ने उन्हें शरण देने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि वह ''भारत सरकार और देश के लोगों के उदारतापूर्ण आतिथ्य के लिए उनकी अत्यंत आभारी हैं''। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''बांग्लादेश लौटने के लिए मेरी सबसे महत्वपूर्ण शर्त वही है जो बांग्लादेशी जनता चाहती है: सहभागितापूर्ण लोकतंत्र की वापसी। अंतरिम प्रशासन को अवामी लीग पर से प्रतिबंध हटाना होगा और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा समावेशी चुनाव कराने होंगे।'' बांग्लादेश की सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं हसीना ने कई हफ्तों तक चले हिंसक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद 5 अगस्त, 2024 को देश छोड़ दिया था। बड़े पैमाने पर हुए इस आंदोलन के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा और अंततः भारत आना पड़ा, जिससे यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार ने विरोध प्रदर्शनों को ठीक से नहीं संभाला, 78 वर्षीय नेता ने कहा, ''जाहिर है, स्थिति पर हमारा नियंत्रण नहीं था और यह खेदजनक है।''

## कश्मीर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की संपत्ति यूएपीए मामले में कुर्क

**श्रीनगर :** कश्मीर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम की आवासीय संपत्ति गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में बुधवार को कुर्क कर ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वकील बाबर कादरी की हत्या के आरोप में जेल में बंद कयूम के बुलबुल बाग बरजुल्ला स्थित आवास को पुलिस ने यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत कुर्क किया। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात ने कुर्की आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है, ''यूएपीए की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्रीनगर के बुलबुल बाग बरजुल्ला में स्थित दो कनाल, एक मरला और



90 वर्ग फुट भूमि सहित दो मंजिला आवासीय भवन की कुर्की के लिए पूर्व अनुमोदन प्रदान किया जाता है।'' आदेश में कहा गया कि यह कार्रवाई शहीद गंज पुलिस थाना में रणबीर दंड संहिता (जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के दौरान प्रभावी) की धारा 120, 120-बी, 121 और 153-ए और यूएपीए की धारा 13, 38 और 39 के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या 157/2009 के संबंध में की गई है।

## रघुराज तिवारी एबीवीपी के नए अध्यक्ष, वीरेंद्र सोलंकी फिर से महासचिव चुने गए



**नयी दिल्ली :** मध्यप्रदेश में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में कृषि विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रघुराज किशोर तिवारी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की युवा शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एमबीबीएस डिग्री धारक और इंदौर के 'श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (एसएआईएमएस) से एमडी की पढ़ाई कर रहे वीरेंद्र सिंह सोलंकी को फिर से एबीवीपी का राष्ट्रीय महासचिव चुना गया है। एबीवीपी ने एक बयान में कहा, ''अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव पद के लिए चुनाव प्रक्रिया आज सफलतापूर्वक पूरी हो गई और एबीवीपी के मुंबई स्थित केंद्रीय कार्यालय से परिणामों की घोषणा की गई।'

## ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामला: अभिनेता प्रकाश राज से एसआईटी की पूछताछ

**हैदराबाद :** तेलंगाना सरकार के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यहां बुधवार को अभिनेता प्रकाश राज से एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के प्रचार से जुड़े मामले में पूछताछ की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रकाश राज ने दल के समक्ष पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया। राज्य सरकार ने अवैध सट्टेबाजी पर रोक लगाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामलों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी की निगरानी में एसआईटी का गठन किया है। पूछताछ के बाद मीडिया से बातचीत में प्रकाश राज ने बताया कि उन्होंने 2016 में एक



ऐप का विज्ञापन किया था, जब उसमें सट्टेबाजी शुरू नहीं हुई थी। जैसे ही उन्हें पता चला कि ऐप पर सट्टेबाजी शुरू हो गई है, उन्होंने इससे खुद को अलग कर लिया और कोई भुगतान नहीं लिया। अभिनेता ने बताया कि इस मामले में वे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने भी पेश हो चुके हैं और किसी नागरिक की शिकायत पर सीआईडी ने उन्हें बुलाया था। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (सीआईडी) कहा कि 2016 में यह केवल गेमिंग ऐप था, हमने यही सोचकर विज्ञापन किया था कि यह एक खेल है। सट्टेबाजी 2017 में शुरू हुई। हमें बाद में गलती का एहसास हुआ और मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि सट्टेबाजी गलत है। राज के मुताबिक, अधिकारियों ने यह भी पूछा कि क्या वे किसी अन्य सट्टेबाजी से जुड़ी कंपनी के लिए काम कर चुके हैं, जिसका उन्होंने खंडन किया। उन्होंने कहा कि सट्टेबाजी से कई युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है और उन्होंने युवाओं से मेहनत के रास्ते पर चलने की अपील की।

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले विधेयकों संबंधी समिति गठित, अपराजिता अध्यक्ष

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए बुधवार को संयुक्त समिति का गठन कर दिया गया, जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अपराजिता सारंगी करेंगी। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया है तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सारंगी को समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। विपक्ष के चार सांसद इस समिति में शामिल हैं। संयुक्त समिति में लोकसभा के जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है, उनमें भाजपा से अपराजिता सारंगी, रविशंकर प्रसाद, भर्तृहरि महताब, प्रदन बरुआ, बृजमोहन अग्रवाल, विष्णु दयाल राम, पुरुषोत्तम रुपाला और अनुराग ठाकुर शामिल हैं। राजग के घटक जनता दल (यूनाइटेड) के लोकसभा सदस्य देवेश चंद्र ठाकुर, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के लावु श्रीकृष्णा, शिवसेना से धैर्यशील माने, जनसेना पार्टी के बालाशौरी वल्लभनेनी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील तटकरे, जनता दल (सेक्युलर) के मल्लेश बाबू, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल की ज्योत्सना बासुमातरी और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राजेश वर्मा को भी समिति में शामिल किया गया है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत कई प्रमुख विपक्ष दलों ने इस समिति में शामिल नहीं होने का फैसला किया था, हालांकि 'इंडिया' गठबंधन की एक घटक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने इस समिति का हिस्सा बनने का निर्णय लिया। राकांपा (एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले को इस समिति में शामिल किया गया है। 'इंडिया' गठबंधन से बाहर के कुछ विपक्षी दलों के नेताओं को भी इस समिति में शामिल किया गया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्त-ेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी, शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सदस्य निरंजन रेड्डी को भी इस समिति का हिस्सा बनाया गया है। राज्यसभा से जिन 10 सदस्यों को समिति में जगह मिली है, उनमें भाजपा के बृजलाल, उज्ज्वल निकम, नीरज शेखर, मनन कुमार मिश्रा और के. लक्ष्मण शामिल हैं।

## धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी मिली, परिवार ने घर पर ही इलाज का फैसला किया

**मुंबई :** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। उनकी सेहत को लेकर तमाम अटकलों के बीच परिवार और डॉक्टर ने यह जानकारी दी। धर्मेंद्र (89) को थोड़े दिन पहले कुछ जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था और आज उन्हें छुट्टी दे दी गयी। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल के अधिकारियों ने इन जांचों या उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। धर्मेंद्र के परिवार ने एक बयान जारी कर ''निजता का सम्मान'' करने का आग्रह किया है और लोगों को यह याद दिलाते हुए उनके प्रति सम्मान रखने की अपील की गई है कि ''वह





आपसे प्यार करते हैं।'' धर्मेंद्र अपने अधिकतर इंस्टाग्राम वीडियो में प्रशंसकों के लिए अंत में इसी तरह का संदेश देते हैं। उनके बेटे सनी देओल के जनसंपर्क प्रतिनिधि ने एक बयान में कहा, ''धर्मेंद्र जी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। हम मीडिया और आम जनता से अनुरोध करते हैं कि वे आगे कोई भी अटकल लगाने से बचें और इस दौरान उनकी और उनके परिवार की निजता का सम्मान करें।'' इसमें कहा गया है, ''हम उनके स्वस्थ होने, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए सभी के प्यार, प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं पर आभार जताते हैं। कृपया उनका सम्मान करें क्योंकि वह आपसे प्यार करते हैं।'' अभिनेता का इलाज कर रहे ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि धर्मेंद्र को सुबह करीब 7.30 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा, ''परिवार ने उनका घर पर ही उपचार कराने का फैसला किया है।''

### भारत ने महिला दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नयी दिल्ली:** भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां महिला दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप मैच में ऑस्ट्रेलिया को 209 रन से रौंद दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान दीपिका टीसी (91 रन, 58 गेंद) और फुला सरेन (नाबाद 54, 22 गेंद) के अर्धशतक से चार विकेट पर 292 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने 52 अतिरिक्त रन देने के अलावा 26 रन पेनल्टी के भी दिए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। दीपिका को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। एक अन्य मैच में नेपाल ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया। श्रीलंका के 88 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल ने 5.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में नीतीश रेड्डी की जगह खेलेंगे जुरेल

**कोलकाता:** भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएश्े ने बुधवार को कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। टेन डोएशे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलूरू में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।' उन्होंने कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात मैच जीतने के लिए रणनीति बनाना है। नितीश के मामले में हमारी स्थिति निश्चित रूप से नहीं बदली है। ऑस्ट्रेलिया में उन्हें ज़्यादा खेलने का मौका नहीं मिला

# भारत ने नेट पर अभ्यास किया, पंत पूरी लय में



**कोलकाता:** अपनी बहुप्रतीक्षित टेस्ट वापसी के लिए तैयार भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत मंगलवार को नेट्स पर पूरी लय में दिखे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले ईडन गार्डन्स में टीम के ट्रेनिंग सत्र में बेबाक स्ट्रोक्स लगाए। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बाद जुलाई से खेल से बाहर रहे पंत ने बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से अनौपचारिक टेस्ट मैचों के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने पहले 'ए' टेस्ट में जीत के लिए 90 रन बनाए और दूसरे मैच में 17 रन पर 'रिटायर्ड हर्ट' होने के बावजूद 65 रन बनाए।

### दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने फिटनेस अभ्यास किया

**कोलकाता:** चोट से वापसी कर रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले बुधवार सुबह यहां ईडन गार्डन्स में टीम के ट्रेनर, फिजियो और मुख्य कोच शुक्री कॉनराड की देखरेख में फिटनेस अभ्यास किया। अभ्यास में तीन मार्कर बनाकर उनके बीच दौड़ना शामिल रहा जो लगभग 20 मिनट तक चला। जब उनके साथी खिलाड़ी नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे तब बावुमा ने दौड़ने के बाद कुछ 'शैडो' अभ्यास किया और बाद में नेट्स में शामिल हो गए। बावुमा सितंबर में इंग्लैंड में लगी पिंडली की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की श्रृंखला की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले हफ्ते बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में मैदान पर लौटे।

### इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट के बाद श्रीलंकाई टीम की सुरक्षा बढ़ाई गई

**रावलपिंडी:** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सरकारी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं। सूत्र ने कहा, 'श्रीलंका की टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पाकिस्तानी सेना तथा अर्धसैनिक रेंजर्स को मेहमान खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया है।' बुधवार की बैठक के दौरान इस्लामाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की गई।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने विश्व कप विजेता शेफाली वर्मा को सम्मानित किया




**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा को सम्मानित किया। सैनी ने उन्हें शॉल, 1.50 करोड़ रुपये का चेक और 'ग्रेड ए' खेल प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार शेफाली को हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा ब्रांड दूत नियुक्त किया गया है। सैनी ने बाद में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने आज हरियाणा की बेटी और महिला क्रिकेट विश्व कप में अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन से भारत को विश्व विजेता बनाने वाली टीम की सदस्य शेफाली वर्मा से संत कबीर कुटीर (हरियाणा के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास) में मुलाकात की और उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।' उन्होंने कहा, 'उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में हरियाणा सरकार की ओर से उन्हें 1.50 करोड़ रुपये नकद और 'ग्रेड ए' खेल प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान हरियाणा की खेल प्रतिभाओं को और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा।' सैनी ने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शेफाली ने केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, 'यह उपलब्धि राज्य की सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए बेताब है दक्षिण अफ्रीका: केशव महाराज



**कोलकाता:** दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है और उसके मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने इसे अपने सबसे कठिन दौरों में से एक करार देते हुए कहा कि आगामी श्रृंखला में जीत का इंतजार खत्म करने के लिए वास्तव में उनकी टीम बहुत बेताब है। भारत और दक्षिण अफ्रीका 14 नवंबर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भिड़ेंगे। श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से कोलकाता में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच गुवाहाटी में खेला जाएगा। महाराज ने ऑनलाइन बातचीत में कहा, 'हमारी टीम भारत को भारत में हारने के लिए वास्तव में बेताब है। यह संभवतः सबसे कठिन दौरों में से एक है। हमें लगता है कि यह हमारी सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। यह खुद को आंकने का एक शानदार मौका होगा। इससे हमें अपनी वास्तविक स्थिति का पता करने का अवसर मिलेगा।' उन्होंने कहा, ''हमने उपमहाद्वीप के अन्य हिस्सों में जीत हासिल करना शुरू कर दिया है और वास्तव में भारत में जीत हासिल करने के लिए हमारी टीम के अंदर तीव्र भूख और इच्छा है।' दक्षिण अफ्रीका ने हाल के वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसकी टीम को भारत में अपनी पिछली दो श्रृंखलाओं, 2015 और 2019 में कोई सफलता नहीं मिली।

## लखनऊ पहुंची जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी, योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत




**लखनऊ:** तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में बुधवार को यहां पहुंची जिसका राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, 'लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी। एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है।' उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है।' योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक संग्रहालय के रूप में तैयार किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद शाहिद, अशोक कुमार, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार, अब्दुल अजीज, सुबोध खांडेकर, रजनीश मिश्र, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एमपी सिंह, जगवीर सिंह, राहुल सिंह, विवेक सिंह, ललित उपाध्याय, दानिश मुतजबा, राजकुमार पाल, प्रेम माया, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, प्रीति दुबे जैसे हॉकी के खिलाड़ियों के योगदान को भी याद किया।

## लक्ष्य सेन कुमामोतो मास्टर्स में जीते



**कुमामोतो (जापान):** भारत के लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।




## टाटा ट्रस्ट विवाद: नोएल टाटा के पुत्र को एक निदेशक मंडल में जगह, दूसरे में रोक



**नयी दिल्ली:** टाटा समूह में आंतरिक सत्ता संतुलन को लेकर विवाद बना हुआ है। नोएल टाटा अपने पुत्र नेविल को उन दो शक्तिशाली ट्रस्ट में से एक के निदेशक मंडल में शामिल कराने में सफल रहे, जो टाटा संस में बहुलांश हिस्सेदारी रखते हैं, लेकिन दूसरे ट्रस्ट में उनकी योजना सफल नहीं हो सकी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। टाटा ट्रस्ट परमार्थ संगठनों का एक समूह है, जिसके पास टाटा संस में कुल 65.4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा संस 156 साल पुराने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है, जिसमें लगभग 400 कंपनियां शामिल हैं, जिनमें से 30 सूचीबद्ध हैं। ट्रस्ट द्वारा जारी बयान में कहा गया कि नोएल के बेटे नेविल और समूह के पूर्व कंपनी प्रमुख भास्कर भट को बुधवार को श्री दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) में नियुक्त किया गया। एसडीटीटी के पास टाटा संस में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि वह इन दोनों को सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) में नियुक्त नहीं करा पाए। एसआरटीटी के पास टाटा संस में 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार, यह असफलता एसआरटीटी के ट्रस्टी और उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन की आपत्ति के कारण हुई। श्रीनिवासन ने कहा कि नियुक्तियों का प्रस्ताव उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना लाया गया और इस पर सही तरीके से चर्चा होना आवश्यक थी। ट्रस्ट की बैठक में यह विवाद कुछ सप्ताह पहले लंबे समय से ट्रस्टी रहे मेहली मिस्त्री को निदेशक मंडल से हटाए जाने के बाद सामने आया।

# शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,850 अंक के पार



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, 'निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 140 अंक की मजबूत बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अपनी बढ़त बनाए रखी।' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, एक्जिट पोल से यह संकेत मिला है कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सत्ता में वापसी करेगा, जिससे निवेशकों का उत्साह और बढ़ा।' सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### न्यूज अपडेट

### सीतारमण ने सऊदी अरब के निवेश मंत्री से मुलाकात की, द्विपक्षीय निवेश संधि पर चर्चा



नयी दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल फलीह से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय निवेश संधि के बारे में चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'दोनों नेताओं ने भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर चर्चा की और मजबूत दोतरफा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को खोलने और आपसी सहयोग को और गहरा करने के लिए 'बीआईटी' को जल्द से जल्द पूरा करने की भी मांग की।' भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि सऊदी अरब, भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

### सोना 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 5,540 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जबकि सोमवार को इसका का भाव 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले दो सत्रों में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत भी 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

### रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 88.62 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया बुधवार को 12 पैसे टूटकर 88.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई संभावनाओं और अमेरिका में लंबे समय से जारी 'शटडाउन' के समाधान की उम्मीदों ने निचले स्तर पर घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया।

### भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवंबर से होगा शुरू

**नयी दिल्ली:** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 14 नवंबर से यहां भारत मंडपम में शुरू होगा। आधिकारिक बयान के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया और मिस्र सहित 12 देशों के विदेशी प्रदर्शक 14 दिन चलने वाले इस मेले में हिस्सा लेंगे। इसमें कहा गया कि मेला, भारत के उद्योग की ताकत एवं उसके उत्पादों की गुणवत्ता प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच है। इस वर्ष मेले का विषय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) ने बयान में कहा कि बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश 'साझेदार राज्य' के रूप में भाग लेंगे जबकि झारखंड को 'फोकस' राज्य के रूप में चुना गया है। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम साढ़े सात बजे तक रहेगा। भैरों रोड की ओर तीन व चार और मथुरा रोड पर छह व 10 नंबर प्रवेश द्वार से लोग आवाजाही कर सकते हैं। व्यावसायिक दिन 14 से 18 नवंबर के बाद इसे 19 से 27 नवंबर तक आम जनता के लिए खोला जाएगा।

### पराग मिल्क फूड्स का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 56.28 प्रतिशत बढ़कर 45.65 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.28 प्रतिशत बढ़कर 45.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 29.21 करोड़ रुपये रहा था। पराग मिल्क फूड्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल आय 15.58 प्रतिशत बढ़कर 1,025.98 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 887.61 करोड़ रुपये थी।

## सरकार ने छह साल के लिए निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दी, 25,060 करोड़ रुपये होगा व्यय



**नयी दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दे दी। कुल 25,060 रुपये के व्यय के साथ यह मिशन इस वित्त वर्ष से शुरू होगा और छह वित्त वर्ष के लिए होगा। इस कदम से निर्यातकों को अमेरिका के उच्च शुल्क से निपटने में मदद मिलेगी। इस मिशन को दो उप-योजनाओं... निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात दिशा... के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। निर्यात प्रोत्साहन पर 10,401 करोड़ रुपये का व्यय होगा जबकि निर्यात दिशा पर 14,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक व्यापक मिशन है और यह पूरे निर्यात परिवेश को सहयोग प्रदान करेगा। मिशन के तहत, हाल ही में वैश्विक शुल्क वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिक आधार पर सहायता प्रदान की जाएगी। इन क्षेत्रों में वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान तथा समुद्री उत्पाद शामिल हैं। इस कदम से घरेलू निर्यातकों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क से उत्पन्न वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है। निर्यात प्रोत्साहन के अंतर्गत, ब्याज सहायता, तत्काल नकद के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचे गये सामान के बिलों की बिक्री (निर्यात फैक्टरिंग), गारंटी देकर कर्ज, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड और नए बाजारों में विविधीकरण के लिए ऋण वृद्धि सहायता जैसे विभिन्न साधनों के माध्यम से एमएसएमई के लिए किफायती व्यापार वित्त तक पहुंच में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा।

## टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर कारोबार के पहले दिन 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद

### टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का सूचीबद्ध होना 'निर्णायक क्षण': एन. चंद्रशेखरन

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के सूचीबद्ध होने को कंपनी के सफर के साथ-साथ मोटर वाहन उद्योग के लिए एक 'निर्णायक क्षण' बताया। टाटा मोटर्स के विभाजन के पूरा होने और उसके दो स्वतंत्र सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित होने के बाद टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स बाजार में सूचीबद्ध हुई। बीएसई में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के सूचीबद्धता समारोह में चंद्रशेखरन ने कहा, 'यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण क्षण है, एक काफी अहम उपलब्धि है....एक निर्णायक क्षण... टाटा मोटर्स और मोटर वाहन उद्योग दोनों के लिए'




**नयी दिल्ली:** टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में अपने निर्गम मूल्य की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़क के साथ सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का शेयर टाटा मोटर्स द्वारा अपने कारोबार को दो स्वतंत्र इकाइयों में विभाजन के एक महीने से भी अधिक समय बाद सूचीबद्ध हुआ है। यात्री कारोबार इकाई टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. 14 अक्टूबर को सूचीबद्ध हुई थी। टाटा मोटर्स लिमिटेड के कमर्शियल व्हीकल्स (सीवी) के शेयर का कारोबार एनएसई में अपने निर्धारित मूल्य से 28.48 प्रतिशत ऊपर, 335 रुपये पर शुरू हुआ। कारोबार के दौरान यह 32.31 प्रतिशत बढ़कर 345 रुपये पर पहुंच गया। बाद में, यह 26.56 प्रतिशत बढ़कर 330 रुपये पर बंद हुआ। बीएसई में यह 26.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 330.25 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। सत्र के दौरान यह 32.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 346.75 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में, यह 25.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 327.65 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में एनएसई में कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,21,516.94 करोड़ रुपये था।

### जीएसटी दरों में कटौती से दूसरी तिमाही में वाणिज्यिक वाहनों की मांग बढ़ी: टाटा मोटर्स के सीईओ

**मुंबई:** टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिरीश वाघ ने कहा है कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने के बाद वाणिज्यिक वाहनों की मांग में बढ़ोतरी हुई है और चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में गिरावट के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में बाजार में तेजी आई है। वाघ ने यह भी कहा कि वाणिज्यिक वाहन कारोबार की सूचीबद्धता से कंपनी को समग्र वाणिज्यिक वाहन और लॉजिस्टिक्स मूल्य श्रृंखला पर बेहतर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने और उसमें अवसरों की तलाश करने में मदद मिलेगी। टाटा मोटर्स का वाणिज्यिक वाहन कारोबार को अब टाटा मोटर्स के नाम से शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया गया है। यह तब हुआ जब वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन व्यवसाय अलग कर दिए गए। यह अलगाव एक अक्टूबर से लागू हुआ। वाघ ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''मुझे लगता है कि साल की पहली छमाही काफी हद तक स्थिर रही, लेकिन इसमें कुछ बारीकियां भी हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3411 अंक 221, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in